दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 96 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शनिवार 07 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष षष्ठी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## अंग्रेजों को धूल चटाकर 19 वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम इंडिया

# सूर्यवंशी ही नहीं ये खिलाड़ी भी रहे हीरो



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराकर छठा खिताब जीत लिया है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी की ऐतिहासिक 175 रनों की पारी की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 411 रन बनाए। 412 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 311 रन ही बना सकी और 100 रन से मुकाबला हार गई।

**दूसरी बार फाइनल में हारी इंग्लैंड**-अंडर 19 वर्ल्डकप के खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड की यह दूसरी हार है, जबकि भारतीय टीम का यह 11वां फाइनल था और उसने छठी बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और आरोन जॉर्ज सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने पहले संभलकर बल्लेबाजी की और फिर अंग्रेज गेंदबाजों की धज्जियां उड़ानी शुरू कर दीं। आयुष म्हात्रे 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब उनका स्कोर 53 रन था। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने शतक जड़ा। तब तक भारतीय टीम 26 ओवर में ही 250 रन के पार पहुंच चुकी थी। यहां से साफ लगने लगा था कि भारतीय टीम आसानी से 400 रन के स्कोर को पार कर लेगी, और ऐसा ही हुआ।

### वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर

वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू और कनिष्क चौहान की अहम पारियों की बदौलत भारतीय टीम 50 ओवर में 411 रन के विशाल स्कोर तक पहुंच गई। यह वर्ल्ड कप इतिहास के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है। इसी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने 175 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जो फाइनल में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी भी है। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और 15 छक्के लगाए, जहां उन्होंने 218 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

### गढ़चिरौली में शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर; परिजनों ने दी अंतिम विदाई



बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया, 1 अन्य जवान घायल है। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से हुई गोलीबारी में महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने 3 नक्सलियों को मार गिराया। इस दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग में गोली कॉन्स्टेबल दीपक चिन्ना मदावी (38 साल) को जा लगी। उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर भामरागड़ के अस्पताल लाया गया। जहां ऑपरेशन के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील क्षेत्र का है। शहीद जवान दीपक को गार्ड ऑफ ऑनर देकर शव गृहग्राम रवाना किया गया है।

## चांदी दो दिन में 38 हजार सस्ती, कीमत ईएमआई 2.44 लाख/किलो

### सोना ईएमआई424 कम होकर 1.52 लाख पर आया, दो दिन में ईएमआई6,080 गिरा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 फरवरी को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 9,410 रुपए गिरकर 2,44,929 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 37,533 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए पर आ गया है।

इससे पहले ये गुरुवार को 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,080 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को ईएमआई 1,76,121 और चांदी ने ईएमआई 3,85,933 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## गुजरात में आंगनवाड़ी नेटवर्क का विस्तार, 5.14 लाख नए लाभार्थी जुड़े

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गुजरात में माताओं और छोटे बच्चों के लिए पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए गए एक विशेष कवरेज अभियान के तहत 5.14 लाख से अधिक नए लाभार्थियों को विभिन्न आंगनवाड़ी योजनाओं से जोड़ा गया है।

यह विशेष अभियान नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच लागू किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं और छह वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया गया। अभियान के तहत हुए अधिकांश रजिस्ट्रेशन आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में दर्ज किए गए, जिससे इन समुदायों में कल्याणकारी सेवाओं की पहुंच को मजबूती मिली। महिला एवं बाल विकास विभाग ने यह अभियान उन योग्य लाभार्थियों की पहचान के लिए चलाया, जो पहले आंगनवाड़ी सेवाओं से बाहर थे। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्री मनीषा वकील के नेतृत्व में संचालित किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर योग्य मां और बच्चे को पोषण और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अभियान के दौरान आदिवासी इलाकों से 2.55 लाख से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से 2.07 लाख और शहरी इलाकों से करीब 51,000 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया।

# विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 9 फरवरी तक स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विपक्षी दलों के लगातार हंगामे के चलते शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब सोमवार, 9 फरवरी को सुबह 11 बजे पुनः शुरू होगी।

### बजट सत्र में अब तक सदन के 19 घंटे 13 मिनट चढ़ चुके हंगामे की भेंट

सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और हाथों में प्लेकार्ड लेकर सदन के बीचोंबीच आ गए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बजट सत्र में अब तक सदन के 19 घंटे 13 मिनट हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं।

### लोकसभा अध्यक्ष ने कहा- 'ऐसे सदन को चलाना संभव नहीं'

अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल सभी सदस्यों का समय होता है और जनता ने सांसदों को चर्चा और संवाद के लिए भेजा है, न कि पोस्टर और नारेबाजी के लिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियोजित तरीके से गतिरोध पैदा कर सदन की मर्यादा समाप्त की जाती है, तो ऐसे सदन को चलाना संभव नहीं है।



### लोकसभा अध्यक्ष के बार-बार आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं थमा

अध्यक्ष के बार-बार आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं थमने पर सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर में कार्यवाही पुनः शुरू होने पर भी विपक्ष का शोर-शराबा जारी रहा। पीठासीन सदस्य कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने बताया कि स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना को अध्यक्ष ने अनुमति नहीं दी है। लगातार व्यवधान के कारण अंततः लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित नारेबाजी के बीच स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा सहित कई मंत्रियों ने सभा पटल पर प्रस्ताव रखे। पीठासीन अधिकारी ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि बजट पर चर्चा के दौरान वे अपने सभी विषय उठा सकते हैं और कार्यवाही को बाधित न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन में प्लेकार्ड लाना नियमों के विरुद्ध है।

## पंजाब में आप नेता की 6 गोलियां मारकर हत्या



### जालंधर में गुरुद्वारे के बाहर हमला; गैंगस्टर फोलड़ीवाल ने जिम्मेदारी ली, बोला- नशा तस्कर था

**जालंधर।** पंजाब के सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेता सतिंदर पाल सिंह जोगी उर्फ लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह जालंधर में सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वे 43 साल के थे। स्कूटी पर आए दो युवकों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। इनमें से 5 गोलियां ओबरॉय के सीने और एक सिर में लगी। लक्की ओबरॉय जालंधर के पॉश एरिया, मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो एक बदमाश ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां चलते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें शूटर दोनों हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करता हुआ दिख रहा है। ओबरॉय का परिवार उन्हें गंभीर हालत में मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा।

वहां डॉक्टरों के मृत घोषित कर देने पर परिवार को भरोसा नहीं हुआ और ओबरॉय को श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। हालांकि वहां भी उन्हें मृत बताया गया। ओबरॉय आम आदमी पार्टी से जालंधर कैंट में वार्ड-35 के हलका इंचार्ज थे। उनका 11 दिन पहले ही बर्थडे था।



## राजस्थान के 3 जिलों में बम ब्लास्ट की धमकी

### हाईकोर्ट और जयपुर-अजमेर जिला कोर्ट में चली तलाशी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर और जयपुर बेंच को शुक्रवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी मिलने के बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने पुलिस को सूचना देकर परिसर खाली करवाया। बम और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंची।

रजिस्ट्रार को सुबह मेल पर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मेल में लिखा था कि हाईकोर्ट परिसर में तीन शक्तिशाली आरडीएक्स बम प्लांट किए गए हैं।

इस धमकी के बाद जयपुर में सुनवाई स्थगित कर दी गई है थी। कोर्ट रूम, जजों और एडवोकेट चैम्बर्स में तलाशी ली गई। पूरे परिसर की गहन तलाशी के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर वकीलों और पक्षकारों के लिए एंट्री खोल दी गई है। इसके बाद जयपुर हाईकोर्ट में सुनवाई फिर से शुरू हो गई है। पिछले साल भी हाईकोर्ट को 6 बार बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिसंबर माह में तो लगातार 5 दिन हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल आए थे।

हालांकि आज तक पुलिस धमकी देने वाले को नहीं पकड़ पाई है। इधर, जोधपुर हाईकोर्ट परिसर में तलाशी अभियान में कुछ नहीं मिला। जयपुर और अजमेर जिला न्यायालय में भी बम की सूचना मिली।

सुरक्षा एजेंसियों को जांच में फिलहाल कुछ नहीं मिला है। अजमेर कलेक्टर को मेल किया गया। धमकी देने वाले ने लिखा आपके कोर्ट में 13 आरडीएक्स लगाए गए हैं।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

### आरबीआई ने ब्याज दर 5.25% पर बरकरार रखी; 2025 में चार बार में 1.25% की कटौती

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, आरबीआई ने दिसंबर में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थीं। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं।




**धोखाधड़ी के शिकार ग्राहकों को 25,000 तक का मुआवजा**-रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं। इन उपायों में क्रेडिट लिमिट की लेयरिंग और बुजुर्गों जैसे खास तरह के यूजर्स के लिए एक्स्ट्रा ऑथेंटिकेशन शामिल हो सकते हैं।

### हर दो महीने में होती है आरबीआई की मीटिंग

मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग हर दो महीने में होती है। वित्त वर्ष 2025-26 में मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की कुल 6 बैठकें हुई। पहली बैठक 7-9 अप्रैल 2025 को हुई थी।


आरबीआई जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों को लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं। यानी, बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं।

किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। पॉलिसी रेट ज्यादा होगी तो बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है।

### आरबीआई ने महंगाई अनुमान बढ़ाया

आरबीआई के मुताबिक महंगाई को लेकर स्थिति फिलहाल राहत भरी है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्त वर्ष 2026 के लिए रिटेल महंगाई दर के अनुमान को 2% से बढ़ाकर 2 .1% कर दिया है। इन आंकड़ों से संकेत मिलता है कि थोड़े समय के लिए कीमतों में थोड़ी तेजी आ सकती है, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई आरबीआई के 2%-6% दायरे के भीतर ही रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई का दबाव फिलहाल कम है। सिर्फ सोना-चांदी जैसे कीमती धातुओं के मामले में थोड़ा असर दिख रहा है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर इनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव है। बाकी ज्यादातर चीजों के लिए कीमतें काबू में है। आगे की योजना को लेकर उन्होंने कहा कि अप्रैल में आने वाले अगले पॉलिसी स्टेटमेंट में आरबीआई पूरे साल के लिए रिटेल महंगाई दर का अनुमान पेश करेगा। तब तक नई सीरीज के तहत और ज्यादा डेटा भी उपलब्ध हो जाएगा।

# तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत : पोलैंड के उप विदेश मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )** पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में किसी भी देश के लिए भारत जैसी अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करना मुश्किल है।

**भारत की अर्थव्यवस्था पर क्या बोले बार्टोशेव्स्की**-बार्टोशेव्स्की ने बातचीत में कहा, भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और मौजूदा समय में जीडीपी के लिहाज से दुनिया में चौथे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। साथ ही यह 1.5 अरब लोगों का विशाल बाजार है, जिसे नजरअंदाज करना किसी भी देश के लिए आसान नहीं है।

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर टिप्पणी**-भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर बार्टोशेव्स्की ने कहा कि एफटीए होना, डील न होने से बेहतर है। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर टैरिफ किसी भी देश के लिए समृद्धि नहीं लाते, क्योंकि आयातकर्ता जब अतिरिक्त लागत उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं, तो उसका सीधा बोझ आम लोगों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि शुल्क जितना कम होगा, उतना ही बेहतर होगा।

**भारत-पोलैंड व्यापार में आईसीटी पर फोकस**-भारत के साथ व्यापारिक संबंधों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पोलैंड भारत के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं देखता है, खासतौर पर आईसीटी (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) सेक्टर में। उन्होंने बताया कि आईसीटी भारत की जीडीपी का करीब 9% है, जबकि पोलैंड की जीडीपी में इसका योगदान लगभग 7% है, ऐसे में इस क्षेत्र में सहयोग स्वाभाविक है।

# संस्कार स्कूल, गुढ़ागौड़जी ने अन्न बचाने का लिया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** संस्कार स्कूल के विद्यार्थियों, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं बस चालकों ने सामूहिक रूप से अन्न बचाने की शपथ ली। अन्न बचाओ, देश बचाओ संगठन के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. पितराम सिंह गोदारा ने संस्कार स्कूल के समस्त सदस्यों को अन्न बचाने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण से पूर्व उन्होंने अपने उद्बोधन में अन्न के महत्व को विस्तार से समझाया और कहा कि भोजन करते समय व्यक्ति को अपनी आवश्यकता के अनुसार ही व्यंजन थाली में लेने चाहिए। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरणों से बताया की विपरीत परिस्थितियों में लोगों ने अन्न के महत्व को समझते हुए देश को आगे बढ़ाया है। शपथ ग्रहण से पहले डॉ. पितराम सिंह गोदारा का चेयरमैन प्रहलाद सिंह बांगड़वा, सचिव मनीष गुप्ता, प्रबंध निदेशक डॉ. विनोद कुमार शर्मा शर्मा, प्रधानाचार्य रामसिंह धींवा व एकेडमिक पार्टनर अरविंद सिसोदिया ने माला, साफा, शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य रामसिंह धींवां ने अन्न बचाने के इस मिशन के लिए डॉ. पितराम सिंह गोदारा को धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने किया।

# ईदगाह रोड पर टूटा बिजली पोल बना खतरा, हादसे की आशंका




बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** शहर के ईदगाह रोड स्थित वार्ड नं. 33 में एक बिजली का पोल टूटकर खतरनाक स्थिति में खड़ा है, जो कभी भी गिर सकता है। इससे क्षेत्र में बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस समस्या को लेकर वार्ड नं. 33 के पार्षद प्रतिनिधि सलीम कबाड़ी एवं कांग्रेस नेता इरफान कबाड़ी ने संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि खराब और टूटे हुए बिजली पोल को तत्काल हटाकर नया पोल लगाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग पर आवागमन अधिक रहता है, साथ ही आसपास रिहायशी क्षेत्र भी है, जिससे बच्चों और राहगीरों की जान को खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

# प्रागपुरा थाना क्षेत्र के भांकरी में विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड पावटा के प्रागपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भांकरी में शुक्रवार सुबह एक विवाहिता अपने घर में फंदे से लटकी मिली। सूचना पर प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम मय जाप्ते मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए। मृतका की पहचान रेखा देवी (35) पत्नी कृपा शंकर जांगिड़ के रूप में हुई है। उनका विवाह वर्ष 2004 में हुआ था। उनके परिवार में दो पुत्रियां तनुजा (लगभग 18 वर्ष) और ज्योति (लगभग 12 वर्ष) तथा एक पुत्र ब्रजेश (लगभग 15 वर्ष) है। शव को पावटा उपजिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मृतका के भाई घनश्याम जांगिड़ निवासी मोरोड़ी, थाना हरसौरा, तहसील बानसूर ने प्रागपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग, मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि घटना को आत्महत्या का रूप दिया गया है। थाना प्रभारी भजनाराम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फॉरेंसिक साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के निष्कर्षों के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ऐश्वर्या समूह महाविद्यालय, उदयपुर में सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या समूह महाविद्यालय, उदयपुर में एक भव्य सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फ्रांसीसी गायन समूह 'ले इटिनेरांत' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य कला, संस्कृति और वैश्विक समझ को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुई। महाविद्यालय का परिचय सहायक प्राध्यापक हर्षा मारवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों तथा सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शमील शेख और सहायक प्राध्यापक नितिशा महावर द्वारा किया गया। अतिथि कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को आनंदित कर दिया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। ऐश्वर्या फार्मेसी महाविद्यालय, उदयपुर के प्राचार्य श्री गजाराम सिरवी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को विस्तृत करते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि कला और संस्कृति के माध्यम से व्यक्तित्व का समग्र विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में सहायक प्राध्यापक नितिशा महावर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# आदिवासी क्षेत्र में अफीम व गांजे की खेती, 1308 किलो पौधे जब्त

## • दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस की दबिश, आरोपी हाथ नहीं लगे
## • अफीम के कई पौधों पर लगे डोडों में लगा रखे थे चीरे

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रोहिड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अफीम व गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्र के खेतों में बोई फसल को पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने 1100 किलो अफीम व दो सौ किलो से ज्यादा गांजे के पौधे जब्त किए हैं। वहीं, मामले में आरोपियों को नामजद किया गया है, लेकिन कार्रवाई के दौरान कोई हाथ नहीं लगा। पुलिस इनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि रोहिड़ा के दुर्गम व पहाड़ क्षेत्र के खेतों में अफीम व गांजा बुवाई की सूचना मिली थी। इस आधार पर रोहिड़ा थानाधिकारी अमरराम खोखर के नेतृत्व में टीम ने दबिश दी। मौके से भारी मात्रा में गांजा व अफीम के पौधे मिले। अफीम के पौधों पर डोडे मिले तथा किसी ने चीरे लगाए हुए भी मिले। पुलिस ने अलग-अलग खेतों से अफीम व गांजे के पौधे जब्तर कर लिए।

### सौंफ के बीच गांजे की बुवाई

पुलिस के अनुसार पानीयाफली में कोसिया बांध के पास काकरली फली नाले में रामा पुत्र नानाराम गमेती के खेत में गांजे की अवैध खेती की सूचना मिली थी। बांध की तलहटी में टापुनुमा जगह के पास नाले के किनारे खेत में सौंफ के बीच गांजे के पौधे दिखे। झोपेनुमा घर में कोई नहीं मिला। पौधों को उखाड़ कर तौल करने पर 87 किलोग्राम वजन आया।

### नजदीकी खेत में अफीम की बड़ी खेती

गांजा मिलने के दौरान ही आसपास के अन्य तीन-चार खेतों में भी अफीम व गांजे की खेती नजर आई। अफीम के पौधों पर फूल व डोडे लगे हुए मिले। कई डोडों पर चीरा लगाया हुआ था। कैलाश उर्फ कालिया पुत्र भेराराम गमेती के दो बीघा में सौंफ के बीच गांजा व अफीम की फयल मिली, जिसे उखाड़कर जब्त किया। अफीम व डोडों का वजन 1100 किलो व गांजे का वजन 121 किलो मिला।

### अभी और बढ़ेगा माल का वजन

पुलिस के अनुसार बरामद माल में अभी और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। पुलिस की खोजबीन में नजदीकी खेतों में भी अफीम व गांजे की बुवाई होना सामने आया है। रामाराम पुत्र भमरराम, मानाराम पुत्र भेराराम, रमेश पुत्र भमरराम गरासिया ने भी अफीम व गांजे की खेती कर रखी है। पुलिस इस पर अभी कार्रवाई कर रही है।



**पलाश के पत्तों की बाड़ व सौंफ की आड़-** बताया जा रहा है कि अफीम व गांजा की फसल छिपाने के लिए खेत के चारों ओर पलाश के पत्तों की बाड़ व सौंफ की खेती कर रखी थी। इससे आसपास से गुजरने वालों को खेत का नजारा न दिखे एवं सौंफ की खुश्बू के बीच अफीम व गांजे की गंध से भी बचा जा सके। पुलिस ने अभी तक 11 क्विंटल अफीम के पौधे व डोडा एवं दो क्विंटल आठ किलो गांजे के पौधे बरामद किए हैं।

# वेतन न मिलने से फूटा सफाई कर्मचारियों का गुस्सा, नगरपालिका कार्यालय के बाहर दिया धरना



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाले हाथ आज अपनी मजदूरी के लिए उठ खड़े हुए हैं। पीलीबंगा नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने समय पर वेतन न मिलने के विरोध में आज नगरपालिका कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए।धरने पर बैठे कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले काफी समय से नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा है। आर्थिक तंगी का आलम यह है कि सफाईकर्मियों के घरों का चूल्हा जलना भी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखने वालों के खुद के हालात आज दयनीय बने हुए हैं। सफाई कर्मचारियों के अनुसार, वे इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासन ही मिले। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनके रुके हुए वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और उग्र करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सफाई व्यवस्था पर संकट**-कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। अब देखना यह होगा कि कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन इन कर्मचारियों की सुध कब लेता है, या फिर शहरवासियों को गंदगी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ेगा।

# ट्रोलर की टक्कर से कार में लगी आग, गंभीर हादसा टला

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही ( नि.स. )।** शहर में हाईवे पर अनादरा चौराहे के समीप ट्रोलर की टक्कर से कार में आग लग गई। वहीं, 1100 केवी बिजली लाइन को भी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद कार में आग लग गई। गनीमत रही कि कार में सवार बच्चे आग लगने से पहले ही बाहर निकल गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह ट्रोलर ने चौराहे के समीप कार को चपेट में ले लिया। हादसे के तत्काल बाद ही कार में सवार स्कूली बच्चे बाहर आ गए। हादसे में नजदीकी बिजली लाइन के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसी दौरान कार ने आग पकड़ ली। आसपास के लोगों ने तत्काल ही पुलिस व दमकल को सुचना दी।

# उदयपुर में मेवाड़ होंडा शोरूम का भव्य उद्घाटन

## मेवाड़ क्षेत्र को मिलेगा बेहतर ऑटोमोबाइल अनुभव

### अगले पांच वर्षो में होण्डा कंपनी 10 नये मॉडल लॉन्च करेगा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** चार पहिया वाहन होण्डा कार के ग्राहकों को बेहतर सुविधायें देने हेतु मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार को होंडा कंपनी के सेल्सएण्ड मार्केटिंग के वाइस प्रेसीडेन्ट कुणाल बहल,नेशनल सेल्स हेड निखिल शुक्ला,डीलर राजेन्द्र मीणा ने फीता काटकर मेवाड़ होण्डा शो रूम का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर जोनल मार्केटिंग हेड अनुराग सिंह, हेड डीलर डवलपमेन्ट सुनील भारद्वाज,नॉर्थ जोन सेल्स लोकेश गुप्ता, विकास मीणा मौजूद थे।

इस अवसर पर मार्केटिंग हेड कुणाल बहल ने कहा कि उदयपुर में मेवाड़ होंडा की लांचिंग से उदयपुर सहित पूरे मेवाड़ को इसका लाभ मिलेगा। अगल पांच वर्षों में होण्डा कंपनी वर्ष 2030 तक 10 नये मॉडल लॉन्च करेगी। देश में प्रेटोल सेगमेन्ट में कपंनी का मार्केट शेयर 10.6 प्रतिशत है। उदयपुर में होंडा की अच्छी मार्केट है साथ ही संपूर्ण राजस्थान में होंडा का बड़ा मार्केट है। पूरे भारत में होंडा के 300 से ज्यादा डीलर हैं और राजस्थान में 12 डीलर है। किसी भी कंपनी की सफलता के लिए बिजनेस पार्टनर का होना महत्वपूर्ण होता है। उदयपुर में हमें एक अच्छा बिजनेस पार्टनर मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में उदयपुर में हमारी पकड़ और मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि होंडा ने पहली इलेक्ट्रिक कार बनाई है जिसकी खासियत यह है कि वह पूरी तरह से भारत में ही निर्मित हुई है। अमेरिका और जापान के बाद होंडा का सबसे बड़ा मार्केट भारत में है और सभी कस्टमर्स की डिमांड भी अलग-अलग है।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2.0 जीएसटी लॉन्च की तब इस मार्केट में काफी उछाल आया है। हमारी कंपनी का सबसे ज्यादा फोकस सेफ्टी फीचर्स और मेक इन इंडिया पर है। सेफ्टी दो तरह की होती है पहली एक्टिव सेफ्टी और दूसरी पैसिव सेफ्टी। होंडा का हमेशा दोनों तरह की सेफ्टी पर फोकस रहता है। कंपनी का मुख्य ध्येय रहता है कि कस्टमर जितना पैसा खर्च करता है उसे उतनी ही वैल्यू मिलनी चाहिए। इस दौरान मेवाड़ होण्डा के राजेंद्र कुमार मीणा, निखिल शुक्ला, निकिता मीणा, विकास मीणा एवं रामनिवास मीणा आदि उपस्थित थे।

# टोरड़ा गुजरान के सियाराम गुर्जर बने अधिवक्ता, पावटा बार एसोसिएशन ने किया स्वागत-सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**पावटा( नि.स. )। उपखंड** कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक आत्मीय और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां टोरड़ा गुजरान निवासी सियाराम गुर्जर के अधिवक्ता बनने पर पावटा बार एसोसिएशन के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में सियाराम गुर्जर को माला पहनाकर और साफा बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट रामनिवास यादव ने कहा कि अधिवक्ता का दायित्व केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज में न्याय और सत्य की स्थापना का संकल्प होता है। उन्होंने सियाराम गुर्जर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे न्यायालय की गरिमा बनाए रखते हुए आमजन को न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी सियाराम गुर्जर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# श्रीनाथ ज्वैलस शोरूम का उद्घाटन आज



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** झीलों के शहर उदयपुर में शनिवार को श्रीनाथ ज्वेल्स शो रूम का उद्घाटन शनिवार को दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि श्रीमान हिमांशु सिंह राजावत द्वारा किया जायेगा। शो रूम के प्रहलाद त्रिवेदी ने बताया इस आर्टिफिशियल ज्वेल्स शो रूम पर उदयपुरवासियों को बंगाल के कारीगरों द्वारा सुन्दर एवं आकर्षक ज्वेलरी उपलब्ध होगी जो पहनने के बाद एक अलग ही पहचान देगा। उन्होंने कहा कि पिछले 35 वर्षों से बंगाल में उनका इसी का बिजनेस है। पिछले कुछ समय से उनका उदयपुर में इस तरह का शो रूम शुरू करने का मानस था जो अब जाकर के मूर्त रूप ले पाया है। यहां पर विशेष आकर्षण ही यही रहेगा कि यहां मिलने वाली ज्वेलरी में बंगाल की कारीगरी और राजस्थानी परम्परा की कारीगरी का मिश्रण होगा जो एक अलग ही आकर्षण पैदा करेगा। यहां पर हर तरह की ज्वेलरी उपलब्ण होगी। यह शो रूम बेस्ट प्राईस, बेस्ट क्वालिटी एवं बेस्ट डिजाईन देने में विश्वास रखता है और उसी तर्ज पर उदयपुर में भी काम होगा। शुभारम्भ अवसर पर ग्राहकों को हर आईटम की खरीद पर 20 प्रतिशत विशेष डिस्काउंट रखा गया है। लाईट वेट और बेस्ट प्राईज एवं बेस्ट डिजाईन में नेकलेस सहित हर प्रकार की ज्वेलरी यहां पर उपलब्ध होगी। लोकेश त्रिवेदी ने बताया कि नेकलेस की शुरूआती कीमत 700 रूपयें से प्रारम्भ होगी जो 4000 रूपए तक रहेगी। उन्होंने कहा कि यह ज्वेलरी लम्बे समय तक खराब नहीं होती है बशर्ते इसमें कुछ सावधानियां रखनी पड़ती है। खास कर इसे पानी से जरूर बचा कर रखना पड़ता है। अगर वह खराब भी हो जाती है या उनकी चमक फीकी भी पड़ जाती है तो उन पर दुबारा पॉलिश करवाया जा सकता है।

# जलदाय विभाग की लापरवाही, लगन पैलेस के सामने खुला चैंबर दे रहा हादसों को न्योता

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित लगन पैलेस के सामने जलदाय विभाग की बड़ी लापरवाही राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। यहां सड़क के बीचों-बीच स्थित पानी सप्लाई पॉइंट और खुला चैंबर लंबे समय से हादसों को खुला निमंत्रण दे रहा है, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलापूर्ति के समय इस पॉइंट से भारी मात्रा में पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर जमा हो जाता है। जलभराव के कारण पूरी सड़क जलमग्न हो जाती है, जिससे कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी रहती है। इस वजह से न केवल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है, बल्कि सड़क भी धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होकर टूट रही है।



**खुला चैंबर बन सकता है काल**-सड़क के बीचों-बीच स्थित यह खुला चैंबर किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। दिनभर इस मार्ग से सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। रात के अंधेरे में इस गड्ढे की दृश्यता कम होने के कारण खतरा और भी भयावह हो जाता है। किसी बच्चे या राहगीर के इसमें गिरने की आशंका हर वक्त बनी रहती है। वहीं इस संबंध में समाजसेवी बबलू सोनी ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग की अनदेखी आमजन पर भारी पड़ रही है। उन्होंने कहा, सप्लाई पॉइंट से निकलने वाला पानी रोड को पूरी तरह जलमग्न कर देता है, जिससे फिसलन बढ़ती है और सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। खुला चैंबर होने के कारण कभी भी कोई राहगीर, बच्चा या दोपहिया वाहन चालक गिरकर गंभीर चोट का शिकार हो सकता है। रात के समय खतरा और भी बढ़ जाता है। आमजन लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कोई बड़ा हादसा होना तय है। जागरूक जनों ने जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस ओवरफ्लो की समस्या को दुरुस्त किया जाए और खुले चैंबर को तुरंत ढका जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

# देवालयों में चोरी मामलों का राजफाश, दो गिरफ्तार

**सिरोही ( नि.स. )।** कालन्द्री थाना क्षेत्र के तंवरी गांव के देवालयों में हुई चोरी का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया है। वारदात दो दिन पहले ही हुई थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से जल्द ही खुलासा हो गया। पुलिस के अनुसार गत 3 फरवरी को तंवरी निवासी देवेंद्र माली ने रिपोर्ट देकर बताया था गांव के शिवशक्ति माता मंदिर, आशापुरा माता मंदिर, गोरा नारायण मंदिर आदि जगह चोर ताले तोड़ आभूषण व नकदी चुरा ले गए। तीन मंदिरों से लाखों रुपए के माल की चोरी का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिलोइया गांव से दो जनों को दस्तियाब किया। पूछताछ करने पर मामले का राजफाश हो गया। पुलिस ने उदयपुर में बेकरिया थाना क्षेत्र के सेमला निवासी जोशीराम पुत्र पन्नाराम गरासिया व सुरेशकुमार पुत्र भुराराम गमेती को गिरफ्तार कर लिया।

## श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का आयोजन रविवार को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जय बंशी वाले भक्ति से सेवा शक्ति परिवार द्वारा आगामी 08 फरवरी को श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियों को लेकर संयोजक बंशीलाल सैनी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, जिसमें यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। समिति के अध्यक्ष दिलीप सैनी ने बताया कि 08 फरवरी को प्रातः 10 बजे हरिहर आश्रम से निशान यात्रा प्रारम्भ होगी जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुये मोरिजावाला धर्मशाला पहुंचेगी। जहां पर संतों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा व प्रसादी का आयोजन होगा। समिति की ओर से हर वर्ष की भांति फाल्गुन मेले पर श्रद्धालुओं के लिये 20 से 28 फरवरी तक चौंमू पुरोहितान खाटू रिंगस रोड़ पर सेवा कैंप भी लगाया जायेगा। जिसमें श्री श्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाया जायेगा व भण्डारा एवं चिकित्सा सेवा की व्यवस्था भी की जायेगी।इस दौरान कैलाश तंवर, रामप्रताप सैनी, सोहनलाल, दीपक गुप्ता, डॉ. प्रवीण सिरोहा, शिव बंसल, अनिल अग्रवाल, केदार बंसल, अमित बंसल, महेंद्र सैनी, राजेश बंसल, हेमंत गुप्ता, मोहित मित्तल, सुशील मित्तल, मनीष सैनी, अभिषेक शर्मा, चेतन शर्मा, नितिन कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 17 फरवरी को, कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के आदर्श नगर स्थित भैंरू जी मंदिर के पास प्रताप बस्ती में आगामी 17 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर शुक्रवार को प्रताप बस्ती की बैठक का आयोजन हुआ। इस मौके पर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक रामविलास सिंघल, पूरणमल भरगड़ को मनोनीत किया गया। जबकि अध्यक्ष पं. विजय शास्त्री, उपाध्यक्ष राजेंद्र सैनी, वीरेंद्र सैनी, प्रीतम सैनी को मनोनीत किया गया। सचिव पद पर रामसिंह सैनी, सह सचिव श्यामलाल, लालाराम सैनी, बालकृष्ण सैनी को मनोनीत किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष सुगन चंद सैनी, सह कोषाध्यक्ष नेमीचंद हिंदू, सत्येंद्र जांगिड़ को मनोनीत किया गया। जबकि सदस्यों में सुनील चौधरी, शशि मित्तल, भूपेंद्र यादव, विजयानंद, सुरेंद्र, बिल्लूराम सैनी, नेतराम ठेकेदार, नरेश मेहरा, ख्याली सैनी, सोहन लाल, महेश सैनी, कैलाश, उदय सिंह तंवर, मनोज अग्रवाल, हेमंत मोरीजावाला, अशोक दवाईवाला, प्रहलाद जांगिड़, नरेश गुप्ता, महेश सराधना, रोहिताश सैनी नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, महेंद्र सैनी, शिवकुमार, सतीश सैनी, महेश सैनी को मनोनीत किया गया। आयोजन समिति की आगामी बैठक शनिवार 07 फरवरी को शाम 06 बजे श्रीराम मंदिर लक्ष्मीनगर में आयोजित की जायेगी। इस दौरान पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष अरूण कुमार सैनी, एड. शिवकुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहें।

## साइबर अलर्ट : कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर ठगों का नया जाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** घर बैठे आसान कमाई का सपना देखने वालों के लिए एक खतरनाक जाल बिछाया जा रहा है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम के निर्देशन में साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एक ऐसे ट्रेंड का खुलासा किया है, जो कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर मासूम लोगों की मेहनत की कमाई डकार रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि ठगों की कार्यप्रणाली बेहद शातिर है। ये जालसाज फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स पर लुभावने विज्ञापन चलाते हैं। विज्ञापन में दावा किया जाता है कि आपको केवल स्क्रीन पर दिखने वाले कैप्चा कोड टाइप करने हैं और बदले में आप हर महीने हजारों रुपये कमा सकते हैं। न्यूनतम प्रयास और अधिकतम लाभ का लालच बेरोजगार युवाओं और गृहणियों को आसानी से अपनी ओर खींच लेता है।

### ग्राम उत्थान शिविर:ग्रामीण राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# एक ही छत के नीचे 13 विभागों की योजनाओं का लाभ, लाखों ग्रामीणों को सीधा फायदा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों तक जनकल्याणकारी योजनाओं की सीधी और सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीण विकास की दिशा में एक अभिनव और प्रभावशाली पहल बनकर उभरे हैं। 23 जनवरी (बसंत पंचमी) से प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित हो रहे इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी कम हुई है तथा आत्मनिर्भर एवं सशक्त ग्रामीण राजस्थान की संकल्पना को मजबूती मिली है।

**अब तक 18 लाख से अधिक ग्रामीणों ने लिया लाभ**

प्रदेशभर में अब तक 1 हजार 843 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 18 लाख 44 हजार से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। इनमें 12.14 लाख पुरुष एवं 5.54 लाख से अधिक महिलाएं एवं 20 हजार से अधिक जनप्रतिधियों ने भाग लिया। प्रत्येक शिविर में 13 विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

### सरकारी योजनाओं के प्रति बढ़ी जागरूकता

ग्राम उत्थान शिविरों में सहकारिता, कृषि विपणन, उद्यानिकी, डेयरी, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा और राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कृषक साथी सहायता योजना के अंतर्गत 3,273 आवेदनों का निस्तारण किया गया है। पीएम सूर्य घर योजना में 36,174 पंजीकरण, फार्मर रजिस्ट्री में 19,291 पंजीकरण के साथ ही स्वयं सहायता समूह ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, कस्टम हायरिंग सेंटर, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर योजनाओं सहित अनेक योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

### 9 फरवरी तक जारी रहेंगे शिविर

ग्राम उत्थान शिविरों का दूसरा चरण 9 फरवरी तक प्रदेशभर में आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर लगाए जा रहे हैं, जहां आमजन मौके पर ही आवेदन, पंजीकरण और समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### किसान और पशुपालकों के लिए बड़ी सौगात

3 हज़ार 829 ग्राम पंचायतों में पॉलीहाउस के लिए आवेदन तैयार किए गए हैं। शिविरों के माध्यम से किसानों को अब तक 1 लाख 34 हजार से अधिक सॉइल हेल्थ कार्ड तथा 65 हजार से अधिक स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। पशुपालकों के लिए मंगला पशु बीमा योजना के तहत 1.16 लाख से अधिक पंजीकरण, 6.64 लाख पशुओं का प्राथमिक उपचार तथा 1 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया गया है। इसके साथ ही, यात्री सुविधाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में 3 हज़ार 195 किसान विश्राम स्थलों के निर्माण प्रस्ताव भी तैयार किए गए हैं।

## ताकली बांध क्षेत्र में पानी को लेकर उबाल: दूसरे दिन भी सड़क जाम, सात गांवों के ग्रामीणों का 5 घंटे धरना

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी/खैराबाद।** ताकली बांध से जुड़े विस्थापित गांवों में पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। लगातार दूसरे दिन ग्रामीण सडक़ों पर उतर आए। शुक्रवार को दूडक़ली, दडिया, सोहनपुरा, सारनखेड़ी, रघुनाथपुरा, तमोलिया और तालियाबड़ी के सैकड़ों ग्रामीणों ने रिछडिया रोड पर करीब 5 घंटे तक धरना-प्रदर्शन करते हुए मार्ग जाम कर दिया। जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और स्थायी जलापूर्ति व्यवस्था की मांग उठाई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि ताकली बांध से विस्थापित परिवार लंबे समय से गंभीर पेयजल संकट झेल रहे हैं। टैंकरों के जरिए हो रही पानी की आपूर्ति जरूरत के मुताबिक नहीं है, जिससे रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सडक़ जाम कर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींचा।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। करीब पांच घंटे चले गतिरोध के बाद विभाग ने प्रभावित गांवों में अतिरिक्त टैंकरों से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। सहायक अधिशासी अभियंता बलभद्र शर्मा ने बताया कि वर्तमान आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं थी, इसलिए अतिरिक्त टैंकर बढ़ाने पर सहमति बनी। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा दिया।

**गुरुवार को भी हुआ था 3 घंटे जाम** इससे पहले गुरुवार को रघुनाथपुरा और नूरपुरा के ग्रामीणों ने भी पेयजल संकट को लेकर करीब तीन घंटे तक रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया था। लगातार दो दिन से हो रहे आंदोलनों ने क्षेत्र में पानी की समस्या की गंभीरता उजागर कर दी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन अतिरिक्त टैंकरों से राहत देने की बात कर रहा है, जबकि ग्रामीण स्थायी जलापूर्ति योजना की मांग पर अड़े हुए हैं।

## वन्यजीव तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, 13 दुर्लभ 'स्टार टॉर्टोइज' बरामद

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी (नि.स.)।** बूंदी में वन्यजीवों के अवैध व्यापार और उन्हें बंधक बनाकर रखने वालों के खिलाफ वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से मिली सटीक इनपुट के आधार पर, आज बूंदी वनमण्डल और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने शहर के दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की।

**संयुक्त टीम की छापेमारी**

डब्ल्यूसीसी वनमण्डल बूंदी और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से खटखड़ क्षेत्र और बूंदी शहर के देवपुरा स्थित एक निजी आवास पर दबिश दी। इस सघन तलाशी अभियान के दौरान टीम ने कुल 13 दुर्लभ स्टार टॉर्टोइज बरामद किए हैं, जिन्हें अवैध रूप से घर में रखा गया था।

**कानूनी स्थिति- शेड्यूल-1 का उल्लंघन**

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्टार टॉर्टोइज वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में अधिसूचित है। इस श्रेणी के वन्यजीवों को बड़ी मात्रा में पालना, बेचना या अपने पास रखना संगीन अपराध की श्रेणी में आता है। बरामदगी के बाद, आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

उप वन संरक्षक बूंदी ने अपील की कि वन्यजीवों को कैद में रखना न केवल अनैतिक है बल्कि कानूनन जुर्म भी है। आमजन से अपील है कि किसी भी प्रकार के वन्यजीव को अपने घर में न रखें। यदि किसी के पास ऐसे जीव हैं, तो वे स्वयं उन्हें वन विभाग को सुपुर्द कर दें। अन्यथा, सूचना मिलने पर सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जयपुर में ड्रग्स तस्करी का खुलासा सांगानेर पुलिया के पास 595 ग्राम स्मैक बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये की स्मैक की खेप पकड़ी है। यह कार्रवाई चाकसू बस स्टैंड के सामने टोंक रोड, सांगानेर पुलिया के समीप की गई। इस ऑपरेशन में सीआईयू टीम में तैनात कांस्टेबल आवेश दुबे (बेल्ट नंबर 11056) को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने मौके से 22 वर्षीय आरोपी कल्याण सिंह तंवर पुत्र बीरम सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्लास्टिक थैली में शुद्ध वजन 595 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह स्मैक जिला झालावाड़ के जामुनिया, तहसील ईकलेरा निवासी मांगीलाल से लेकर आया था। कार्रवाई सांगानेर थानाधिकारी लिखमाराम के नेतृत्व में की गई। मामले का अग्रिम अनुसंधान अब मालपुरा गेट थानाधिकारी उदयभान को सौंपा गया है। यह पूरी कार्रवाई जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर की गई। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुटी है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता सुबेसिंह मोरोडिया कोटपूतली बहरोड के जिला अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के कानून विभाग ने भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं ग्राम मोरदा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सुबेसिंह मोरोडिया को कोटपूतली- बहरोड़ जिले का जिला अधिवक्ता नियुक्त किया हैं। मोरोडिया जिला न्यायालय कोटपूतली - बहरोड़ में भारत सरकार से जुड़े मामलों की पैरवी करेंगे। उनकी नियुक्ति पर जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा के नेतृत्व में एड. मुरारी लाल शर्मा, राजेश चौधरी, पुरुषोत्तम बिदाणी, चेतराम रावत, दिनेश रावत, सुधीर शर्मा, प्रेमप्रकाश शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक सुरेलिया, शिवकुमार शर्मा, रामौतार नाहर, सुरेंद्र शर्मा, राजाराम कसाणा, संजु यादव, ज्योति राठौड़, प्रियंका शर्मा समेत अनेक अधिवक्ताओं ने साफा व माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत करते हुये हर्ष व्यक्त किया। वहीं मोरोडिया ने केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव, पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव, रवि शेखर मेघवाल राष्ट्रीय महामंत्री श्री रविदास विश्व महापीठ, भाजपा एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल, महामंत्री मुकेश गर्ग, भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल आदि का आभार व्यक्त किया।

# कीड़ा भारती के द्वारा खेल कबड्डी खेल महोत्सव का भव्य उद्घाटन






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शुक्रवार को खेल कबड्डी खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रीड़ा भारती सांगानेर महानगर द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान क्रीड़ा भारती के क्षेत्रीय संयोजक मेघ सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांगानेर विभाग के सहविभाग संघचालक डी डी सिंह रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष बिरदी चंद शर्मा ने की। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह राजावत प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख, उत्तम विभाग सहकार्यवाह सांगानेर विभाग, सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मोहित टेलर, गणपत ,चेतन आदि अन्य प्रमुख अतिथि रहे।

कार्यक्रम में सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के सभी कार्यकर्ता व मातृ शक्ति उपस्थित रही।इस अवसर पर श्रीमान मेघ सिंह जी चौहान ने बताया 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी हेतु भारत की पूर्ण तैयारी है और इसी के अंतर्गत कबड्डी को ओलंपिक खेलों में शामिल करने के लिए क्रीड़ा भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर यह अलख और चेतना कबड्डी खेल के आयोजन से देश भर में चलाई जा रही है। उद्घाटन कार्यक्रम में आए हुए खिलाडियों व उपस्थित अतिथियों को डी डी सिंह द्वारा संकल्प दिलाया गया । कार्यक्रम को महेंद्र सिंह व मोहित द्वारा भी संबोधित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच सभी आगंतुक अतिथियों की उपस्थिति में कराए गए। उद्घाटन कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुक अतिथियों का सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के संयोजक मनीष शर्मा व सहसंयोजक सत्यवीर योगी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका मनोहरपुर, जयपुर, राज.**

क्रमांक :: न.पा.मनो./स्टोर/2025–26/3508 दिनांकः– 02/02/2025

**–: निविदा सूचना :–**

**ई–निविदा सूचना संख्या स्टोर 2025–26/01**

नगर पालिका मनोहरपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा www.sppp.rajasthan.gov.in से download कर देखी/प्राप्त की जा सकती है RTTP एक्ट की नियम और शर्त लागु होगीं जिसके NIB CODE व UBN NO. इस प्रकार है।

| Sr. NO. | NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|---|
| 01 | DLB2526B1110 | DLB2526WSOB32912 |

राज.संवाद/सी/25/19314 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड जोबनेर**

क्रमांक : अ.अ./खण्ड/जोबनेर/2025-26/1680 दिनांक: 28-1-2026

**निविदा सूचना सख्यां- 78/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड जोबनेर के अधीन विभिन्न कार्यों की निविदा संख्या 78/2025-26 के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या 78/2025-26 दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 1 बजे तक बेची जाकर दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय में जमा करवायी जा सकेगीं। निविदा की तकनिकी बिड दिनांक 10.02.2026 को इस कार्यालय में सायः 3 बजे खोली जायेगीं। प्रपत्र व इससे सम्बंधित नियम व शर्ते विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

www.sppp.rajasthan.gov.in/www.dipronline.org

Office ID-41829

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड- जोबनेर

DIPR/C/2028/2026

## सम्पादकीय

# गड्ढों में गिरी व्यवस्था, मौतों के बाद भी नहीं चेत रहा प्रशासन

नोएडा में एक कार सवार इंजीनियर की गड्ढे में गिरने से मौत का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि दिल्ली में भी एक बाइक सवार युवक की गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। यह गड्ढा दिल्ली जल बोर्ड की ओर से खोदा गया था। नोएडा की तरह दिल्ली के इस गड्ढे के पास भी न तो कोई बैरीकेडिंग थी और न ही किसी तरह का चेतावनी बोर्ड।

इसका मतलब है कि नोएडा की घटना के बाद भी उससे सटी दिल्ली में कोई सबक नहीं सीखा गया। दिल्ली की घटना पर नोएडा की तरह कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। कुछ भी किया जाए, काल के गाल में समा गए युवक की जिंदगी लौटने वाली नहीं। इस युवक की मौत को हादसा कहना घटना की गंभीरता को कम करना होगा। यह हादसा नहीं, एक हत्यारी लापरवाही है। नोएडा और दिल्ली जैसी घटनाएं अपवाद नहीं हैं।

अपने देश में ऐसी घटनाएं रह-रहकर घटती ही रहती हैं। लोग सडक़ किनारे खोदे गए गड्ढों या फिर टूटी सडक़ों में गिरकर मरते ही रहते हैं। बहुत सी जानलेवा घटनाएं इसलिए होती हैं कि जोखिम भरे स्थान अंधेरे में डूबे होते हैं और वहां लोगों को सावधान करने वाले कोई संकेत भी नहीं होते। जब देश की राजधानी और उससे लगे क्षेत्रों में यह हाल है, तब फिर दूर-दराज के शहरों में कितनी चौकसी बरती जाती होगी, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

बड़े शहरों में तो व्यवस्था के नाकारापन और संवेदनहीनता से होने वाली मौतें फिर भी चर्चा में आ जाती हैं और दिखावटी ही सही, कोई कार्रवाई भी हो जाती है, लेकिन छोटे शहरों में किसी के कान पर जूं भी नहीं रेंगती। अपने यहां सडक़, बिजली, पानी उपलब्ध कराने और मार्ग प्रकाश, यातायात आदि की देखभाल करने वाली एजेंसियों की लापरवाही के कारण प्रति वर्ष न जाने कितने लोग जान गंवाते हैं।

आम तौर पर ऐसी मौतों को दुर्घटना करार दिया जाता है और जो लोग अपने स्वजन खोते हैं, वे उसे विधि का विधान मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि नोएडा और दिल्ली सरीखी जानलेवा घटनाएं इसलिए होती रहती हैं, क्योंकि लोगों की मौतों के लिए जवाबदेह कर्मचारी और अधिकारी कभी कठोर दंड के भागीदार नहीं बनते। वे अधिक से



अधिक निलंबित होते हैं।

सब जानते हैं कि निलंबन कोई सजा नहीं होती और बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई कठिनाई से ही होती है। जिम्मेदार विभागों पर भारी भरकम जुर्माना भी नहीं लगाया जाता। इसी कारण कोई चेतता नहीं। नतीजा यह है कि घटिया, बेतरतीब और समय खपाऊ निर्माण होता रहता है, जो प्रायः जोखिम को निमंत्रण देता है। यह शर्मनाक स्थिति केवल विकसित भारत के नारे को मुंह ही नहीं चिढ़ाती, बल्कि शासन-प्रशासन के गड्ढों में धंसे होने को भी बयान करती है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 7 फ़रवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1792 - आस्ट्रेलिया एवं प्रुशिया ने फ्रांस के ख़िलाफ़ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1831 - बेल्जियम में संविधान लागू।
- 1856 - नवाब वाजिद अली शाह द्वारा अवध राज्य का ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में शांतिपूर्ण विलयन।
- 1904 - अमेरिका के बाल्टिमोर में जबरदस्त आग लगने से पन्द्रह सौ इमारतें जल कर खाक।
- 1915 - चलती ट्रेन से पहली बार भेजा गया वायरलेस संदेश रेलवे स्टेशन को प्राप्त हुआ।
- 1935 - आज ही के दिन मशहूर बोर्ड गेम मोनोपोली को कॉपीराइट किया गया था। इसे अमेरिकी आविष्कारक चार्ल्स डैरो ने बनाया था। मोनोपोली गेम को भारत में बिजनेस या व्यापार के नाम से जाना जाता है। मोनोपोली को 100 से ज्यादा देशों में खेला जाता है और ये गेम 40 से ज्यादा भाषाओं में उपलब्ध है। मोनोपोली काफी लंबे समय तक चलता है। सबसे लंबा मोनोपोली खेल 70 दिनों तक खेला गया था।
- 1940 - ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- 1942 - यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1945 - ब्रिटेन, अमेरिका और रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की।
- 1947 - अरब और यहूदियों ने फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- 1959 - फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा के नये संविधान की घोषणा की।
- 1962 -
- अमेरिका ने क्यूबा से सभी तरह के आयात पर रोक लगाई।
- जर्मनी की एक कोयला खदान में विस्फोट से 298 मज़दूरों की मौत।
- 1965 - अमेरिका ने उत्तरी वियतनाम में लगातार हवाई हमले शुरु किये।
- 1983 - कोलकाता में ईस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना।
- 1987 - जापान द्वारा अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (ए.एन.सी) को मान्यता।
- 1992 - स्वदेशी तकनीक से निर्मित पहली पनडुब्बी (आईएनएस शाल्की) को नौसेना में शामिल किया गया।
- 1997 - सं.रा. अमेरिका के स्टीफन स्क्यूवैल अगले तीन वर्ष हेतु अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के अध्यक्ष चुने गये।
- 1999 - जार्डन के शाह हुसैन की मृत्यु, अब्दुला नये शाह बने।
- 2000 - भारत व सं.रा. अमेरिका के बीच गठित संयुक्त आतंकवाद विरोधी दल की प्रथम बैठक वाशिंगटन में शुरू।
- 2001 - इस्रायल के प्रधानमंत्री एहुद बराक चुनाव में पराजित, एरियल शेरोन नए प्रधानमंत्री बने।
- 2003 - फ्रांस के प्रधानमंत्री ज्यां पियरे रैफ़रिन भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।
- 2006 - नेपाल में स्थानीय निकायों हेतु मतदान सम्पन्न।
- 2008 -केन्द्र सरकार ने सिमी पर प्रतिबन्ध की अवधि को बढ़ाया।
- इक्वेडोर का तंगुराही ज्वालामुखी फटा।

## विशेष आलेख

# भजनलाल सरकार के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की रफ्तार: ग्राम उत्थान से अंत्योदय की ओर बढ़ते कदम



डॉ नयन प्रकाश गांधी



अक्सर यह देखा जाता है कि नीतियां बनती हैं और फाइलों में सिमट कर रह जाती हैं, लेकिन वर्तमान भजनलाल सरकार ने प्रशासन का रुख गांवों की ओर मोडक़र यह साबित कर दिया है कि सत्ता का असली उद्देश्य 'अंत्योदय' यानी कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। सुशासन की असली कसौटी यह नहीं है कि सरकार ने कितनी योजनाएं बनाईं, बल्कि यह है कि उन योजनाओं का लाभ कितनी सुगमता से आमजन तक अंतिम जरूरतमंद को पहुँचा। 1512 गिरदावर सर्किलों में शिविरों का आयोजन और 13 प्रमुख विभागों का एक ही छत के नीचे आना, प्रशासनिक विकेंद्रीकरण का एक ऐसा मॉडल है, जो लाल फीताशाही पर करारा प्रहार करता है। एकल खिडक़ी-नौकरशाही के मकडज़ाल से मुक्ति

केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए राज्य मशीनरी जिस गति से काम कर रही है, वह 'डबल इंजन' के प्रभाव को रेखांकित करता है। पीएम सूर्य घर योजना हो, सॉयल हेल्थ कार्ड हो या किसान क्रेडिट कार्ड, इन सभी केंद्रीय योजनाओं का लाभ बिना किसी अवरोध के ग्रामीणों तक पहुँचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है।इन शिविरों में अब तक 13 लाख 91 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता यह बताती है कि जनता में जागरूकता बढ़ी है और प्रशासन के प्रति विश्वास लौटा है। यह केवल भीड़ नहीं है, यह उन उम्मीदों का हुजूम है जो मानती हैं कि अब उनकी सुनवाई होगी। 13 विभागों का एक साथ उपस्थित होना ग्रामीण जनता को सरकारी दफ्तरों के लगातार चक्करों से मुक्ति दिलाता है, जो दशकों से ग्रामीण भारत की पीड़ा रही है।

**कृषि और पशुपालन: ग्रामीण अर्थतंत्र को संजीवनी**

राजस्थान की मरुधरा में कृषि और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। इन शिविरों के माध्यम से सरकार ने इन दोनों स्तंभों को मजबूत करने का काम किया है। 6 लाख 37 हजार किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की जानकारी देना, किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वहीं, 98 हजार से अधिक 'सॉयल हेल्थ कार्ड' का वितरण यह सुनिश्चित करता है कि खेती अब अनुमान पर नहीं, बल्कि विज्ञान पर आधारित हो।पशुपालन विभाग की सक्रियता विशेष रूप से सराहनीय है। 92 हजार पशुओं का बीमा पंजीकरण और 5.11 लाख पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। क्लासिकल स्वाइन फीवर जैसे रोगों के प्रति टीकाकरण अभियान यह दर्शाता है कि सरकार विपदा आने से पहले ही समाधान के प्रति सजग है। यह दृष्टिकोण पशुपालकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**मातृशक्ति की भागीदारी: बदलता सामाजिक परिदृश्य**

किसी भी समाज का विकास तब तक अधूरा है, जब तक उसमें मातृशक्ति की भागीदारी न हो। शिविरों में 4 लाख 12 हजार महिलाओं की उपस्थिति इस बात का संकेत है कि राजस्थान की नारी अब योजनाओं की केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार बन रही है। स्वयं सहायता समूहों और डेयरी सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में भजनलाल सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं।वहीं, युवाओं के लिए 14,737 स्वरोजगार आवेदन और 2,443 नए कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना, रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी। कस्टम हायरिंग सेंटर्स न केवल युवाओं को आय का साधन देंगे, बल्कि छोटे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र भी किराए पर उपलब्ध करवाएंगे, जिससे खेती की लागत कम होगी।

पारदर्शिता- सुशासन का मूल मंत्र एवं पूर्ववर्ती व्यवस्थाओं में अक्सर पारदर्शिता का अभाव और बिचौलियों का बोलबाला रहता था। लेकिन इन शिविरों में 'ऑन-द-स्पॉट' निस्तारण और डिजिटलीकरण पर जोर देकर सरकार ने भ्रष्टाचार की गुंजाइश को कम कर दिया एवं गुड गवर्नेंस को बढ़ावा दिया है। 29,800 किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन और सहकारी ऋणों की जानकारी सीधे किसानों तक पहुँचाकर, उन्हें साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। वास्तव में ये 'ग्राम उत्थान शिविर' राजस्थान के विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होंगे । यह शुरुवात प्रदर्शित करती है कि जब नेतृत्व की नियत साफ हो और 'डबल इंजन' की शक्ति साथ हो, तो बदलाव संभव है। 5 से 9 फरवरी तक चलने वाले द्वितीय चरण के शिविरों से यह उम्मीद और प्रबल होती है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। यह केवल शिविर नहीं हैं, बल्कि यह 'विकसित राजस्थान' की नींव रखने का एक महायज्ञ है। प्रशासन का गांवों के द्वार तक पहुँचना, लोकतंत्र की सबसे सुंदर तस्वीर है। आने वाले समय में यदि इन शिविरों में आए आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके और जनभागीदारी का यह उत्साह बना रहे, तो निश्चित रूप से यह पहल राजस्थान के गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में क्रांतिकारी भूमिका निभाएगी। सुशासन का सूर्य अब गांवों के क्षितिज पर चमकने को तैयार है, आवश्यकता है तो बस निरंतरता और प्रतिबद्धता की।

# डिजिटल दौर का दबाव: शिक्षा, सोशल मीडिया और मानसिक स्वास्थ्य की नई चुनौती



अमिता शर्मा

*स्कूल और विश्वविद्यालय की पढ़ाई पूरी करने के बाद जब विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं या नौकरी की दुनिया में कदम रखते हैं, तो उन्हें वास्तविकता और शिक्षा के बीच ज़मीन-आसमान का अंतर दिखाई देता है। प्रतिस्पर्धा, रोजगार की अनिश्चितता और परिवार की अपेक्षाएँ मिलकर एक अदृश्य मानसिक दबाव पैदा करती हैं।*

जब तकनीक तेज़ हो जाए, प्रतिस्पर्धा गहरी हो जाए और उम्मीदें भारी हो जाएँ, तब सबसे पहले दबाव मन पर दिखाई देता है। यह केवल एक सामाजिक बदलाव नहीं, बल्कि हमारे समय की सबसे गंभीर मानवीय चुनौती है — जहाँ बच्चे, परिवार और शिक्षा व्यवस्था संतुलन की तलाश में खड़े हैं।

**बदलता समय और बढ़ता मानसिक दबाव**

वक्त का सबसे कड़वा सच यह है कि मानसिक तनाव और अवसाद अब किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक पीड़ा बनते जा रहे हैं। जो विषय कभी असहज और अजीब लगते थे, वे आज हर घर की दहलीज़ तक पहुँच चुके हैं। इसके बावजूद हम इन्हें स्वीकार करने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि यह ऐसी पीड़ा है जिसमें न शरीर तपता है, न कोई ज़ख्म दिखाई देता है; बस भीतर ही भीतर मन टूटता जाता है और चेहरे की मुस्कान धीरे-धीरे खो जाती है।

कुछ समय पहले तक जो बच्चे क्रिकेट के मैदान से घर लौटना नहीं चाहते थे, जो बच्चियाँ गुड्डे-गुड्डियों की शादियों में अपनी छोटी-सी दुनिया बसाती थीं, वही बच्चे आज अपेक्षाओं और प्रतिस्पर्धा के दबाव में खरे न उतर पाने के कारण जीवन से हार मानने को विवश हो रहे हैं। उदासी, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, अकेलापन और किसी भी काम में मन न लगना — ये सब उस अनकहे संघर्ष की आवाज़ें हैं, जिन्हें हम अक्सर साधारण मिज़ाज कहकर टाल देते हैं।

**समाज की विडंबना और मानसिक स्वास्थ्य**

हमारे समाज की एक बड़ी विडंबना यह है कि मानसिक बीमारी को आज भी बीमारी की तरह नहीं देखा जाता। लोग इसे सामाजिक कलंक, शर्म या व्यक्तिगत कमजोरी से जोड़ देते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत न होने के कारण जागरूकता की कमी बनी हुई है। रूढिव़ादी सोच और अंधविश्वास के कारण कई परिवार मानसिक समस्याओं को बुरी नजऱ, अदृश्य शक्तियों या पितरों की नाराजग़ी से जोड़ देते हैं, जिससे समस्या और गहरी हो जाती है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में तेरह हज़ार से अधिक बच्चों ने आत्महत्या की। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सोच, पारिवारिक अपेक्षाओं और शिक्षा व्यवस्था पर पड़े गहरे दबाव का प्रतिबिंब है।

**शिक्षा प्रणाली और बढ़ता दबाव**


स्कूल और विश्वविद्यालय की पढ़ाई पूरी करने के बाद जब विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं या नौकरी की दुनिया में कदम रखते हैं, तो उन्हें वास्तविकता और शिक्षा के बीच ज़मीन-आसमान का अंतर दिखाई देता है। प्रतिस्पर्धा, रोजगार की अनिश्चितता और परिवार की अपेक्षाएँ मिलकर एक अदृश्य मानसिक दबाव पैदा करती हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली अभी भी पूरी तरह जॉब-ओरिएंटेड नहीं बन पाई है, जबकि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि प्रतिभा को निखारना और चहुँमुखी विकास करना होना चाहिए। हर बच्चा एक विशिष्ट प्रतिभा के साथ जन्म लेता है। सचिन तेंदुलकर, लता मंगेशकर, साइना नेहवाल, अमृता शेरगिल, रवीश कुमार, रवीन्द्रनाथ टैगोर और अरिजीत सिंह जैसे उदाहरण बताते हैं।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### बंदर

आज़ादी के समय देश में हर तरफ दंगे फैले हुए थे। गांधी जी बहुत दुखी थे। उनके दुख के दो कारण थे - एक दंगे, दूसरा उनके तीनों बंदर खो गए थे। बहुत तलाश किया लेकिन वे तीन न जाने कहां गायब हो गए थे।

एक दिन सुबह अपनी प्रार्थना सभा के बाद गांधी जी शहर की गलियों में घूम रहे थे कि अचानक उनकी निगाह एक मैदान पर पड़ी, जहां बंदरों की सभा हो रही थी। उत्सुकतावश गांधीजी करीब गए। उन्होंने देखा कि उनके तीनों बंदर मंचासीन हैं। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रसन्न मन वे उन तीनों के पास पहुंचे।



गांधीजी, अरे तुम लोग कहां चले गए थे, मैंने तुम तीनों को कितना ढूंढा? यहां क्या कर रहे हो?

बंदर बोले, गांधीजी, हम लोगों ने आपको और आपके सिद्धान्त दोनों को त्याग दिया है। यह हमारी पार्टी की पहली सभा है। देश आजाद हो गया। अब आपकी और आपके सिद्धान्तों की देश को क्या जरूरत?

गांधी जी हतप्रभ से खड़े रह गए।

आज भी खड़े हैं ठगे से, मूक इस देश में हो रहा तमाशा देखते।

अपने शहर में ढूंढिएगा कहीं न कहीं मिल जाएंगे मूर्तिवत खड़े हुए।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में बार-बार क्यों लगती है भूख?

आपने सर्दियों के मौसम में अक्सर यह महसूस किया होगा कि इन दिनों बाकी सीजन के अनुसार ज्यादा भूख लगती है। कई स्टडी में भी यह दावा किया गया है कि लोग सर्दियों में अपनी रेगुलर डाइट से ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या अपने कभी सोचा है कि सर्दियों में ज्यादा भूख क्यों लगती है? दरअसल, जब मौसम ठंडा होता है, तो आपका ब्रेन बॉडी को गर्म रखने के लिए रिच फूड का सेवन करने का सिग्नल भेजता है, जिससे आपको बार-बार खाना खाने की क्रेविंग होती है। यही आज है कि इस मौसम में आपको शुगर फूड के साथ ही गर्म सूप जैसी फूड्स की अक्सर क्रेविंग होती है। आइए, इस लेख के डाइट्रिफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवानन से जानते हैं सर्दियों में ओवरईटिंग के पीछे का साइंस -

**कार्बोहाइड्रेट का ज्यादा सेवन**

ठंड के मौसम में अक्सर लोगों को ज्यादा फूड क्रेविंग होने लगती है। दरअसल, सर्दियों में धूप कम मिलने के कारण सेरोटोनिन और डोपामिन का लेवल कम होने लगता है, जिसके कारण थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है। इसके कारण आपको डार्क चॉकलेट, ब्रेड या पास्ता जैसी चीजों को खाने की क्रेविंग होने लगती है। क्योंकि इनमें कार्बोहाइड्रेट होता है, जो इन हार्मोन्स के लेवल को बैलेंस करता है।

**ब्रेन भेजता है सिग्नल**

ठंड के मौसम में ज्यादा भूख लगने का कारण केवल मौसम में बदलाव नहीं, बल्कि हमारा ब्रेन की भी भूमिका होती है। दरअसल, कई बार हमारा ब्रेन भी हमें यह सिग्नल भेजता है कि अब हमें खाने की जरूरत है। दरअसल, शरीर में अत्यधिक ठंड होने के कारण शरीर में गर्माहट लाने के लिए ब्रेन बार-बार खाना खाने का सिग्नल भेजता है, जिससे आप को बार-बार फूड क्रेविंग होने लगती है। कई बार तो लोग इस वजह से ओवरईटिंग कर लेते हैं, जिसके कारण उनका वेट बढने लगता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपकी कार्यक्षमता बेहतर रहेगी और आप निर्णय भी सोच समझ कर लेंगे। लेकिन आपको किसी दबाव में आकर कोई काम करने से बचना होगा। कोई साइड इनकम ढूंढने की भी कोशिश में लगे रहेंगे।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए मध्य रूप से फलदायक रहने वाला है। आप जिस काम में आज डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी और आप अपने बिजनेस को भी आगे तक ले जाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है और बिजनेस में भी जो योजनाएं लंबे समय से आपको समस्या दे रही थी, वह दूर होगी। किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आप कुछ नई प्रॉपर्टी की खरीदारी करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी और आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए टेंशन लेकर आएगा। माता जी की सेहत में गिरावट आ सकती हैं। आपको अपने बिजनेस में कोई नुकसान होने से भाग दौड़ भी अधिक रहेगी और आप किसी अजनबी पर भरोसा करके समस्याओं को न्योता दे सकते हैं।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी, जो जातक किसी काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो वह काम पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई मे लापरवाही करने से बचना होगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए रक्त संबंधी रिश्तो में मजबूती लेकर आएगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और किसी मामले को लेकर आप मिल बैठकर निपटाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ भी कुछ समय आप फुर्सत में बिताएंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कार्य क्षेत्र में भी अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है और आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में समस्याएं लेकर आएगा, क्योंकि आप अपने कामों को ज्यादा महत्व देंगे, जिससे कि आपकी सेहत गड़बड़ाएगी।

**कुंभ**

आज आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके कुछ विरोधी आपके धन को गलत योजना में लगा सकते हैं, इसलिए आप किसी के कहने में आकर इन्वेस्टमेंट करने से बचें।

**मीन**

आज आपकी सोच समझ से आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे और आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। कोई सरकारी मामला यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा।

## ग्राम उत्थान शिविर 2026 : किसानों व ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गिरदावर सर्किल कुण्डेरा एवं खिलचीपुर में गुरुवार को ग्राम उत्थान शिविर-2026 का आयोजन किया गया, जिसमें 13 विभागों के कार्मिकों ने सहभागिता की। शिविर में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

शिविर प्रभारी उप जिला कलक्टर गौरव मित्तल एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति सवाई माधोपुर जगदीश प्रसाद मीना ने किसानों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। कृषि विभाग द्वारा तारबंदी, फार्म पॉण्ड, सिंचाई, पाईप लाईन एवं कृषि यंत्रों से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। कृषकों को ऑनलाइन फसल गिरदावरी एवं फार्मर आईडी पंजीकरण के लिए भी प्रेरित किया गया।

शिविर में कृषि एवं उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा राजस्व विभाग की सहभागिता रही। गिरदावर कुण्डेरा एवं कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा भी विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत चकेरी निवासी विष्णु शर्मा को पट्टा जारी किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत चकेरी द्वारा 30 अन्य लाभार्थियों को उनके पैतृक मकानों के पट्टे प्रदान किए गए, जिससे लाभार्थियों में खुशी की लहर रही।

## पीडितों को 7 लाख 50 हजार रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को देवेन्द्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में पीडि़तों को प्रतिकर राशि दिलवाये जाने हेतु जिला प्राधिकरण के पदेन सदस्यगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।

पीडि़त प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित कुल 6 प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें अंतरिम स्तर के जीवन हानि (हत्या) के 2 प्रकरणों तथा अंतिम स्तर के हत्या के 3 एवं बलात्कार के 1 प्रकरण में प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें समिति द्वारा अंतिम स्तर के जीवन हानि (हत्या) के 2 प्रकरणों में सर्वसम्मति से कुल 7,50,000 रूपये प्रतिकर के रूप में स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये गए।

मीटिंग में न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय राजेन्द्र शर्मा, न्यायाधीश मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण सुन्दर लाल बंशीवाल, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय असीम कुलश्रेष्ठ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा, जिला कलेक्टर कानाराम सिरवी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह मीना, अध्यक्ष अभिभाषक संघ संदीप शर्मा, लोक अभियोजक जितेन्द्र शर्मा, उपस्थित रहे।

## बाजरे के कट्टों से भरा हुआ ट्रक पलटा, गाय को बचाने के चक्कर में हुआ था असंतुलित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ गुंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव मूंडिया के समीप गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे एक गाय को बचाने के प्रयास में बाजरे के कट्टों से भरा हुआ ट्रक असंतुलित होकर करीब दस फीट गहरी खाई में पलट गया। जिससे बाजरे की बोरिया बिखर गई। सदर थाना प्रभारी हीरामन मीणा ने बताया कि गांव भीमाना तहसील पाली निवासी शैतान गरासिया ट्रक में भरतपुर से बाजरे की बोरिया भरकर गुजरात जा रहा था। इसी दौरान मूंडिया बायपास पर अचानक एक गाय ट्रक के सामने आ गई। जिसको बचाने के प्रयास में ट्रक असंतुलित होकर सडक़ मार्ग से नीचे जाकर करीब दस फीट गाहरी खाई में पलट गया। पुलिस ने राहगीरों की सहायता से चालक को सकुशल बाहर निकाला और क्रेन की सहायता से ट्रक को खडा करवाया।

## बनका खेड़ा में भगवान राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपखण्ड के गांव बन का खेड़ा में चल रहे भगवान राधा-कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान शुक्रवार को पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शिरकत की। इस मौके पर पीएचईडी मंत्री चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान होने से आपसी भाईचारा और मेल-मिलाप को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से निकली हर सच्ची बात, कथा और मंत्रोच्चार की ध्वनि तथा हवन कुण्ड से निकलने वाली सुगंध से माहौल में बदलाव जरूर होता है। इस मौके पर पूर्व डीआर रामचंद्र गुर्जर, सरपंच राहुल गुर्जर, मोर मण्डल अध्यक्ष राजेश मीणा, नारायण चौहान, रामकिशन गुर्जर छीतर गुर्जर, मोती लाल, नाथूलाल, रामराज चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें। इससे पहले प्रतिष्ठाचार्य पंडित गोपाल शर्मा ने आव्हानित देवताओं का पूजन किया, तत्पश्चात अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलित की गई। मुख्य यजमानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन में आहुतियां दी। वहीं भगवान राधा-कृष्ण की मूर्तियों को घृतादिवास और शय्यादिवास करवाया गया। शनिवार को नित्य आर्चन पश्चात हवन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना तत्पश्चात पूर्णाहुति और महाआरती की जाएगी।

### आमजन को मिल रहा है ग्राम उत्थान शिविरों का लाभ

# जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत गहलोत एवं दतवास में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान






**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** किसानों, पशुपालकों व नागरिकों की समस्याओं का समाधान गांव में ही हो, इसे लेकर राज्य सरकार द्वारा गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को पंचायत समिति पीपलू के ग्राम गहलोत एवं पंचायत समिति निवाई की उप तहसील दत्तवास में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

इस दौरान ने शिविर में कृषक मोहन लाल ने तारबंदी योजना के तहत 24 हजार 200 रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान होने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। इसी तरह कृषक शंकर लाल बैरवा ने कृषि अनुदान योजना में कृषि यंत्र मिलने पर चारा काटने में समय की बचत होने के बारे में बताया। शिविर में दोनों कृषकों ने राज्य सरकार व मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि तारबंदी योजना सभी किसानों के लिए वरदान हैं। तारबंदी योजना से आवारा पशुओं से फसल को होने वाले नुकसान से राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें रात भर जागने की चिंता से छुटकारा मिल गया। शिविर के दौरान कृषकों को तारबंदी, पाइपलाइन, फार्म पौण्ड मिनी किट वितरण, फव्वारा संयंत्र समेत मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पीएम सूर्य घर योजना के तहत पंजीकरण आवेदन सहित अन्य योजनाओं के लिये आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में उपखंड अधिकारी पीपलू गणराज बडग़ोती, उपखंड अधिकारी निवाई प्रीति मीणा, तहसीलदार निवाई नरेश गुर्जर तहसीलदार पीपलू कैलाश चंद्र मीणा, विकास अधिकारी सुनील वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उप अस्पताल निवाई का निरीक्षण किया आमजन को सरकारी अस्पतालों में बेहतर उपचार मिले इसे लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को उप अस्पताल निवाई का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने सआदत अस्पताल के निरीक्षण के दौरान रोगियों एवं उनके परिजनों से मिल रहे उपचार की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान वार्डो में जाकर चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति को देखा। उन्होंने दवा वितरण केन्द्र में दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली एवं चिकित्सा प्रभारी को दवाओं का प्रर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी प्रीति मीना भी मौजूद रही।

**बड़ोदिया में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की भूमि अवलोकन किया**

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड निवाई में अपने दौरे के दौरान ग्राम बड़ोदिया में रीको को आंवटित 80 हैक्टर सिवायचक भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने तहसीलदार नरेश गुर्जर को 15 मार्च तक रीको को नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए भूमि सुपुर्द करने के निर्देश दिए। इस दौरान रीको के क्षेत्रीय प्रबन्धक सीताराम मीना, एसडीओ प्रीति मीना मौजूद रहें।

# मनरेगा में अनियमितता उजागर, फर्जी उपस्थिति पर कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत सुनारी में मनरेगा कार्यों के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई है। कार्यस्थल पीर बाबा वाली तलाई खुदाई में एनएमएमएस एप पर श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज पाई गई, जबकि भौतिक निरीक्षण में कोई भी श्रमिक मौके पर उपस्थित नहीं मिला।

ईजीएस लोकपाल आशा शर्मा द्वारा विगत दिवस मनरेगा वेबसाइट पर एनएमएमएस एप से दर्ज उपस्थिति की रैंडम जांच की गई। जांच में मस्टरोल संख्या 17194, 17195, 17196, 17197 एवं 17199 पर लगभग 45 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। एप पर अपलोड फोटो में समानता पाए जाने पर लोकपाल ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यस्थल का भौतिक निरीक्षण किया, जहां कोई श्रमिक मौजूद नहीं मिला।

मौके पर ग्राम विकास अधिकारी एवं मेट को बुलाकर स्पष्टीकरण मांगा गया। मेट द्वारा श्रमिकों के भोजन पर जाने की बात कही गई, परंतु लोकपाल द्वारा एक घंटे से अधिक प्रतीक्षा के बावजूद कोई श्रमिक नहीं लौटा। उपस्थित ग्रामीणों ने भी पुष्टि की कि सुबह से कार्य नहीं हुआ है। स्थिति स्पष्ट न होने पर लोकपाल ने मामले को गंभीर मानते हुए विकास अधिकारी, पंचायत समिति सवाई माधोपुर को पत्र जारी कर फर्जी मस्टरोल भरने के विरुद्ध कार्रवाई तथा उक्त मस्टरोल निरस्त करने के निर्देश दिए।

## मंत्री मदन दिलावर का टोंक में स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान सरकार शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर का शाकुन्तलम होटल पर जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।स्वागत के दौरान मंत्री दिलावर ने कार्यकर्ताओं से एक एक कर स्नेहपूर्ण संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्पण व उत्साह ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।मोदी सरकार के विकसित भारत के जनकल्याणकारी बजट एवं नीतियों की सराहना की व केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराना, नरेश बंसल, महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया, विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी,पंकज पहाडिया, देवराज गुर्जर सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उनियारा बंदः यूजीसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरा जनसैलाब, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन




बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (आनंद गौतम)।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए यूजीसी कानून के विरोध में शनिवार को उनियारा कस्बे में व्यापक असर देखने को मिला। व्यापार संघ के बंद के आह्वान पर क्षेत्र के सभी समाजों और व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और रैली निकालकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

**बाजारों में सन्नाटा, रैली में उमड़ा जोश**

विरोध प्रदर्शन की शुरुआत सुबह पुरानी नगर पालिका स्थित कटला बाजार से हुई। यहाँ कस्बे के प्रबुद्ध नागरिक, युवा और व्यापारी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहाँ से एक विशाल विरोध रैली शुरू हुई जो सदर बाजार और अस्पताल रोड जैसे मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। रैली में शामिल लोग हाथों में सरकार विरोधी और कानून वापसी की तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शन के दौरान कस्बे के मुख्य बाजार आधे दिन तक पूर्णतः बंद रहे, जिससे व्यावसायिक गतिविधियाँ ठप रहीं।

एसडीओ को सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी बस स्टैंड पर प्रदर्शन के बाद सभी लोग नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे। वहाँ उपखंड अधिकारी पूजा मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि केंद्र सरकार का यह नया कानून छात्र विरोधी है और इससे आने वाली पीढ़ी के शैक्षणिक हितों को नुकसान होगा। व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कहा कि यह वर्तमान में केवल सांकेतिक विरोध है, यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो भविष्य में अनिश्चितकालीन धरना और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# भविष्य की उड़ानः कलेक्टर ने किया 541 भामाशाहों और 29 प्रेरकों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजकीय विद्यालयों में सुविधाओं के विकास के लिए संचालित जिला प्रशासन सवाई माधोपुर के विशिष्ट नवाचार 'भविष्य की उड़ान' में सहभागी बनने वाले 541 भामाशाहों और 29 प्रेरकों के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को सार्वजनिक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यह अभिनव योजना सामुदायिक कल्याण में जन सहभागिता की सफलता का उत्कृष्ट प्रमाण है, जिसमें आम ग्रामीणों, राजकीय विद्यालयों के शिक्षक-कार्मिकों एवं पूर्व विद्यार्थियों तथा अन्य भामाशाहों से अब तक 37 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई है।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर काना राम ने भविष्य की उड़ान योजना की सफलता के लिए जिलेवासियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है। इससे बच्चों के लिए विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अपने क्षेत्र में सुविधाओं के लिए योगदान कर रहे जिले के भामाशाहों को सम्मानित करना एक सुखद अनुभव है। यह चतुर्थ जिला स्तरीय भामाशाह एवं प्रेरक सम्मान समारोह शिक्षा विभाग और महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया भी उपस्थित थे।

**अब तक 37 करोड़ रुपये से अधिक एकत्रित**

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा) दिनेश गुप्ता के अनुसार, भविष्य की उड़ान योजना के तहत अब तक जिले में 37 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई गई है। योजना की सफलता इस बात से प्रमाणित है कि लगभग 2000 लोगों ने इसमें सहभागिता की है। सरसों की तूड़ी बेचने से प्राप्त राशि तथा मृत्यु भोज जैसे आयोजन नहीं करने से हुई बचत की राशि सहित विद्यालयों के पूर्व शिक्षकों आदि ने अपनी हैसियत के अनुरूप अंशदान कर यह राशि एकत्रित की है। इस योजना में प्राप्त राशि से जिले के लगभग 700 राजकीय विद्यालयों में भवन मरम्मत कार्य तथा नए कक्षों और टॉयलेट आदि सुविधाओं का निर्माण करवाया गया है। कुछ विद्यालयों में सम्पूर्ण भवनों का निर्माण और विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर भी उपलब्ध करवाया गया है। सम्मान समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसाडिया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक देवीलाल मीणा, एडीपीसी समसा दिनेश गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रधान, बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्यजन उपस्थित रहे। कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

### ग्राम उत्थान शिविर किसानों को दे रहे राहत

# जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ

बढ़ता राजस्थान




**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष ग्राम उत्थान शिविरों में ग्रामीणों को राहत मिल रही है। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने से ग्रामीण खुश हैं। कृषि विभाग की योजनाओं से ग्रामीणों को काफी लाभ मिला है। जिले के गिरदावर सर्किल पर आयोजित हो रहे ग्राम उत्थान शिविर में मौके पर ही आमजन की स्थानीय समस्याओं का समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

**छोटूलाल मीना को मिला थ्रेसर मशीन का लाभ**

परिवादी छोटूलाल मीना पुत्र कान्हा राम मीना निवासी मीनो की झोपडिया ग्राम पंचायत बनेठा पं.स. उनियारा मु. अलीगढ को ग्राम उत्थान शिविर पखवाडा के अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत बनेठा में शिविर लगने का पता चला। छोटूलाल मीना ने विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल व सह प्रभारी व उनियारा पं.स. के प्रगति प्रसार अधिकारी श्योदास मीना के समक्ष कृषि विभाग कि योजना के तहत थ्रेसर मशीन का आवेदन किया। शिविर प्रभारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए शिविर में मौजूद प्रशासक एवं कृषि विभाग से कार्यवाही करवाई गई है। शिविर के दोरान की गई तत्काल कार्यवाही के बाद कृषक छोटूलाल मीना को कृषि विभाग से अनुदान राशि दी गई। परिवादी छोटूलाल मीना ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का हृदय से आभार जताया।

**घांसी लाल मीना का बना फार्म पोण्ड मिली सिंचाई करने में राहत**

तहसील निवाई ग्राम दतवास का निवासी घांसी लाल मीना के पास पर्याप्त भूमि एवं सिचाई के साधन उपलब्ध थे परन्तु पानी की व्यवस्था नही थी। जिससे परिवादी घांसी लाल मीना को अपनी फसलों को समय पर पानी देने में परेशानी होती थी। परिवादी ने कृषि विभाग के कार्मिकों से सम्पर्क कर कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कृषि विभाग के कार्मिकों ने राज्य सरकार द्वारा चालाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## 7 से 9 फरवरी तक यहां लगेगे ग्राम उत्थान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर उपखंडवार गिरदावर सर्किल पर आयोजित होंगे। शिविर के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने बताया कि शनिवार, 7 फरवरी को उपखंड टोंक में छान, पीपलू में झिराणा, निवाई में सिरोही, मालपुरा में चैनपुरा, देवली में देवडावास, उनियारा में देवली एवं टोडारायसिंह में शिविर आयोजित होंगे।

रविवार, 8 फरवरी को उपखंड टोंक में देवली, हथौना व हमीरपुर, निवाई में सिरस, मालपुरा में कांटोली, देवली में मालेडा एवं उनियारा में सौंप में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह सोमवार, 9 फरवरी को उपखंड टोंक में बरवास व खरेडा, पीपलू में, निवाई में ललवाडी, मालपुरा में कलमण्डा व लावा, देवली में फूलेता एवं उनियारा में खोहल्या में शिविर आयोजित होंगे।

## राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री से की भेंट



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** लोकसभा क्षेत्र की माननीय सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसद भवन, नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राजसमंद संसदीय क्षेत्र में मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।भेंट के दौरान दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में नियमित रूप से दिव्यांगजन शिविर आयोजित करने, वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज की महिलाओं के लिए छात्रावास निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। माननीय सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की योजनाएं समाज के वंचित, जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने राजसमंद क्षेत्र में इन योजनाओं के और अधिक विस्तार हेतु मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित किया।भेंट के दौरान मंत्री महोदय ने भी राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

## दिव्यांगजनों को मिला अधिकार, एक माह में 400 से अधिक यूडीआईडी कार्ड जारी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व तथा सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जनवरी 2026 में दिव्यांगजनों के लिए स्वावलंबन कार्ड (यूडीआईडी) बनाने का विशेष अभियान संचालित किया गया जिसके व्यापक परिणाम सामने आये। सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जिले के ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों का पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को तेज गति से पूर्ण किया गया, जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। विभाग द्वारा 27 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित शिविरों में कुल 443 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 402 को यूडीआईडी प्रमाण पत्र जारी किए गए। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि जिला कलक्टर के निर्देशों की प्रभावी पालना करते हुए जिले का कोई भी दिव्यांगजन अपने अधिकारों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। क्षेत्रवार यह रही उपलब्धिः शिविरों के दौरान 27 जनवरी को ब्लॉक राजसमंद, रेलमगरा एवं पीएमओ राजसमंद क्षेत्र में आयोजित शिविर में 43 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 20 को प्रमाण पत्र जारी किए गए। 28 जनवरी को ब्लॉक भीम, ब्लॉक आमेट एवं ब्लॉक देवगढ़ क्षेत्र में आयोजित शिविर में 84 दिव्यांगजनों का परीक्षण कर 71 प्रमाण पत्र जारी किए गए। 29 जनवरी को पीएम्ओ नाथद्वारा, देलवाड़ा एवं खमनोर क्षेत्र में आयोजित शिविर में 36 दिव्यांगजनों का परीक्षण कर सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में 30 जनवरी को केलवाड़ा में आयोजित शिविर में 75 दिव्यांगजनों का परीक्षण कर सभी को प्रमाण पत्र जारी किए गए। 31 जनवरी को आमेट में आयोजित शिविर में 34 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 29 को प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं 4 फरवरी को भीम में आयोजित शिविर में सर्वाधिक 171 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया और सभी को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।

### भाजपा किसान मजदूर की हालत खस्ता करने पर तुली:रावत

# किसान और मजदूर भारतीय अर्थ व्यवस्था की धुरी:गुर्जर

## रीढ़ ही टूट जाएगी तो शरीर सजीव होते हुए भी निर्जीव है:यादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव बामनवास में किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कोटपूतली बहरोड़ जिले के कांग्रेसाध्यक्ष इन्द्राजसिंह गुर्जर ने कहा कि किसान और मजदूर भारतीय अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। यदि यही धुरी कमजोर हो गई तो भारत कमजोर हो गया यह समझो !उनकी दो पंक्तियों ने जो तालियां बिटोरी शायद ही पायलट साहब के बाद क्षेत्र में कोई नेता आया होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान अमेरिकी टेरीफ 3प्रतिशत था और भाजपा की मोदी सरकार में टेरीफ अमेरिकी टेरीफ 25प्रतिशत से मात्र 18प्रतिशत पर आया है फिर भी नासमझ



लोग तालियां बजा रहे हैं !वहीं उन्होंने कहा कि मनरेगा में काम की गारंटी थी पर क्या विबीजीरामजी में है? मनरेगा में काम और मजदूर का चुनाव ग्राम पंचायत किया करती थी लेकिन अब केन्द्र सरकार तय करेगी। गुर्जर ने कहा कि हम किसान और मजदूर के सामने और देश के सामने आने वाली मुसीबत से चिंतित हैं, इसीलिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारत के प्रत्येक गाँव व ढाणी तक अपनी बात रखेगी। वहीं इस मौके पर बोलते हुए पूर्व राजस्थान सरकार में शेरनी कही जाने वाली पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि भाजपा सरकार किसान मजदूर की हालत खस्ता करने पर तुली है जो कांग्रेस कतई बर्दास्त नहीं करेगी। कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार हम सब मिलकर जिलाध्यक्ष इंद्राजसिंह गुर्जर के नेतृत्व में आमजन को जगाने का प्रयास करेंगे,जिसकी कोटपूतली बहरोड़ जिले में आज इसकी शुरुआत हो चुकी है।

वहीं किसान सम्मेलन में पहुँचे मुण्डावर विधायक ललित यादव ने कहा कि जब रीढ़ की हड्डी टूट जाएगी तो शरीर सजीव होते हुए भी निर्जीव है। यादव ने कहा कि किसान और मजदूर भारत की रीढ़ हैं, यदि रीढ़ ही नहीं तो भारत में क्या बचेगा। कार्यक्रम से पूर्व बानसूर विधानसभा क्षेत्र के सिंहद्वार से लेकर ग्राम पंचायत बामनवास जाते समय क्षेत्र में जगह जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, मुण्डावर विधायक ललित यादव का भी जोरदार सम्मान किया गया।इस मौके पर बानसूर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर,नारायणपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र गुर्जर,युवा कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी, मुकेश यादव,एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी,रामस्वरूप मुक्कड,नारायणपुर नगर अध्यक्ष सुभाष सैनी,बानसूर की कृषि उपजमण्डी के पूर्व अध्यक्ष माड़ाराम अंधाना, सरपंच अमरसिंह अधाना, रमेश गुर्जर,पंचायतराज प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव,महेश सैनी,मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी, रणवीर डोई,साँवत चनेजा, समाजसेवी एवं ठेकेदार सीताराम गुर्जर, मुकेश धाकड़,रणजीत कसाना, यादराम सहित काफ़ी संख्या में किसान और मजदूरों सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का निजी व सरकारी विद्यालयों में हुआ लाइव प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** शुक्रवार को ब्लॉक के राजकीय व निजी विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बच्चों को सुनाया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि ब्लॉक के 218 राजकीय व 118 निजी विद्यालयों कक्षा 6 से 12 तक बच्चों ने मोबाइल, टीवी, यूट्यूब के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्रों से बातचीत की और कहा कि अंतिम लक्ष्य परीक्षा के परिणाम नहीं, बल्कि जीवन में सर्वांगीण विकास है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं बीते हुए समय को नहीं देखता, मैं



हमेशा आने वाले समय की ओर देखता हूं। कई बार शिक्षक केवल वही पढ़ाते हैं जो महत्वपूर्ण होता है और जिससे अच्छे अंक मिल सकें, लेकिन एक अच्छा शिक्षक बच्चों के हर तरह के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है और सब कुछ सिखाता है। जीवन केवल परीक्षा के बारे में नहीं है। शिक्षा तो हमारे विकास का एक माध्यम मात्र है। परीक्षा कभी भी अंतिम लक्ष्य नहीं होनी चाहिए। अंतिम लक्ष्य जीवन में हर तरफ से आगे बढ़ना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2026 का यह संस्करण छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव से दूर रहने में मदद करेगा। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना व युवराज शर्मा ने अनेक विद्यालयों में जाकर लाइव प्रसारण को देखा।

## हिन्दू समाज में जाति मात्र एक सामाजिक व्यवस्था,यह किसी से दुर्व्यवहार का आधार नहीं हो सकती



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** शुक्रवार को टहला गांव में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। हिन्दू सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से निकाली गई। कार्यक्रम में संत बाबा बालकनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता के साथ भारत माता की सेवा में प्रत्येक व्यक्ति को समर्पित भाव से काम करना चाहिए साथ ही गौ माता की सेवा से ही हमारा उद्धार हो सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रान्त के शारीरिक शिक्षण प्रमुख महेश ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट और संगठित करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने पंच परिवर्तन - सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य पर बल देते हुए लोगों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने प्रभु श्रीराम का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन में राम की तरह त्याग का भाव रख हमेशा परिवार, समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। आज हमे संगठित रहने की आवश्यकता है ताकि हमारी परिवार व्यवस्था बनी रहे। हिन्दू समाज अपने मध्य व्याप्त समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करे और समाज एकजुट होकर सशक्त बने। इस दौरान कार्यक्रम में नरेश मेंहदीरत्ता एवं अमर सिंह द्वारा भव्य भजन प्रस्तुति भी दी गई, जिससे कार्यक्रम में आए सभी आगंतुक प्रभु की भक्ति में भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में गो पालन करने वाले भाई बहनों को सम्मानित किया गया। संघ साहित्य की बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाई गई। इस दौरान पूरा वातावरण भारत माँ के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को अल्पाहार वितरित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान आसपास के गांवों के हिन्दू समाज के महिला पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन दीपक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में महंत पांडूपोल बाबूलाल शर्मा,जयसिंह गुर्जर,दयानंद लांबा ने भी भारतीय संस्कृति के बारे में विचार रखते हुए हिंदुओं को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हिन्दू सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि हिंदू समाज के सभी जाति बिरादरी के लोग अपने मतभेदों को भूलकर साथ बैठे और अपने हिंदू समाज की प्रगति के विषय में विचार विमर्श किया।

## आगामी बजट से आशाओं को उम्मीद, मांगे नहीं मानी तो चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आगामी राज्य बजट को लेकर राजसमंद जिले की आशा सहयोगिनी संगठन ने सरकार से बड़ी राहत की उम्मीद जताई है। मंगलवार को सैकड़ों आशा सहयोगिनी अपना मांग पत्र लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। जिला स्तरीय अधिकारियों के कार्यालय में उपस्थित नहीं मिलने पर आशाएं कलेक्टरेट परिसर के पोर्च में ही धरने पर बैठ गईं।

धरने पर बैठी आशा सहयोगिनियों ने आरोप लगाया कि सरकार उनसे जोखिम भरे सभी कार्य करवा रही है, लेकिन बदले में न तो पर्याप्त सुविधाएं दी जा रही हैं और न ही



सुरक्षा। आशाओं का कहना है कि वे पांच हजार रुपये से भी कम मानदेय में काम करने को मजबूर हैं, जबकि उनसे स्वास्थ्य विभाग की अधिकांश योजनाओं का क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार करवाया जा रहा है। आशाओं ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर वे पहले भी कई बार ज्ञापन और मांग पत्र संबंधित विभागों व प्रशासन को सौंप चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बावजूद सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से आशा सहयोगिनियों में भारी नाराजगी है। धरने के दौरान आशा संगठन ने सरकार को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी बजट में उनकी मांगों को शामिल नहीं किया गया, तो वे आने वाले सभी चुनावों का बहिष्कार करेंगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि आशाओं के साथ उनके परिवारजन, उनसे जुड़े लोग और ग्रामीण भी इस आंदोलन में पूरा सहयोग करेंगे।आशा सहयोगिनियों ने यह भी ऐलान किया कि मतदान बहिष्कार के साथ-साथ वे किसी भी सरकारी कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगी। धरने की सूचना कलेक्टर रिपोर्ट में दर्ज की गई है।

## डॉ.श्रॉफ आई हॉस्पिटल का प्रयास सराहनीय-संजय शर्मा ट्रेफिक इंजार्च

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** डॉक्टर श्रॉफ आई चेरिटेबल हॉस्पिटल व यातायात पुलिस की ओर पिछले चार दिनों से मोबाईल वैन के माध्यम से वाहन चालकों की आंखों की जांच का कैंप लगाया जा रहा था, ऐसे में आज अंतिम दिन शहर के पुर्जन बिहार कंपनी बाग में सैर करने वाले और पार्क के बाहर निकलने वाले वाहन चालकों की आंखों की जांच की



गई इस दौरान कंपनी बाग विकास समिति ने सभी का आभार प्रकट किया।

टीआई संजय शर्मा ने इसे दुघटनाओं को रोकने में सराहनीय प्रयास बताया श्रवण कुमार महावर अध्यक्ष कंपनी बाग विकास समिति, अलवर, अशोक कुमार सैनी संरक्षक, सतीश कुमार शर्मा संयुक्त सचिव, महेंद्र खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, महावीर शर्मा, देव प्रकाश निरीक्षक, पुरजन विहार, अलवर शिविर में 60 से ऊपर लोगों की बी.पी., शुगर व नेत्र जाँच की गई।

## चार दिवसीय स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** उपखंड के समीपवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में शिक्षा विभाग की ओर से चार दिवसीय गैर आवासीय स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम के प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में राजगढ़ ब्लॉक के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर उपस्थित हुए।

दक्ष प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश



शर्मा ने बताया कि सभी एम्बेसडर अपने-अपने विद्यालय में कक्षा 6 से 12 के प्रत्येक कक्षा से दो मैसेंजर बनाते हुए विद्यालयी विद्यार्थियों का शारीरिक मानसिक एवं संवेगात्मक पक्ष समझते हुए उनके सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि आयुष्मान भारत के तहत स्कूल हेल्थ एण्ड वैलनेस प्रोग्राम सरकारी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय में 2 शिक्षक (महिला और पुरुष) हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर के रूप में नियुक्त होते हैं। वे साप्ताहिक रूप से 11 विषयों पर, जैसे- स्वस्थ जीवन शैली, स्वच्छता, और मानसिक स्वास्थ्य पर 1 घंटे की रोचक गतिविधियाँ विद्यालय में आयोजित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल राम मीना, केआरपी सूर्य प्रकाश शर्मा, नवीन भारती सहित सभी संभागीय उपस्थित रहे।

## ग्राम उत्थान एवं आत्मनिर्भर भारत शिविर का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** उपखंड के समीपवर्ती ढिगावड़ा गांव में शुक्रवार को आयोजित ग्राम उत्थान एवं आत्मनिर्भर भारत शिविर का जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने शिविर का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को



मौके पर ही समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में खाद्य सुरक्षा अभियान की सूची में नाम दर्ज कराने संबंधी अधिकतर शिकायतें सामने आईं। इस पर जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। शिविर के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्व, कृषि, बिजली, पानी सहित राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रतिनिधियों से रिपोर्ट मांगी। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सीमा मीणा, तहसीलदार कल्याण सहाय मीणा, विकास अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर, सरपंच कमलेश कुमार मीना सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## इएसआईसी मेडिकल कॉलेज में हड़ताल पर डॉक्टर:बोले- स्टाइपेंड का करीब 1.5 करोड़ रुपए बाकी, रहने-खाने का खर्च भी नहीं निकल रहा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर के एमआईए में स्थित इएसआईसी मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे करीब 100 डॉक्टर डीन के ऑफिस के बाहर हड़ताल पर बैठ गए। उनका कहना है कि स्टाइपेंड नहीं मिलने से खाने-पीने का संकट हो गया है। एक-एक डॉक्टर का करीब डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा का स्टाइपेंड जुलाई 2025 से बाकी है। इसे लेकर पहले भी डीन को कई बार पत्र लिखे हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्टाइपेंड नहीं मिलने तक हड़ताल की चेतावनी दी है। ऐसे में आगे मरीजों को भी परेशानी हो सकती है।स्टाईपेंड नहीं मिलने तक हड़ताल की चेतावनी डॉ. अतुल तिवारी ने कहा- 2025-26 के इंटर्न हैं। हम सात महीने से काम कर रहे हैं लेकिन कोई मेहनताना नहीं मिल रहा है। नाइट ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से करते हैं। हाउस किपिंग को भी स्टाइपेंड मिल रहा है। हम केंद्रीय मंत्री को भी मांग पूरी करने को लेकर मैसेज भेजेंगे। डॉ. नलिनी जायसवाल का कहना है कि हमें बार-बार झूठ आश्वासन दिया जाता है। अब हमें रिर्टन में नोटिस चाहिए। हमने सब दस्तावेज दे दिए।

## पूर्व सैनिकों के सम्मान में संवेदनशील पहल ब्यावर यूआरसी कैंटीन निरीक्षण में स्टेशन कमांडर ने सुनी समस्याएं, सुविधाएं बढ़ाने का दिया भरोसा


बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** यूआरसी कैंटीन में नसीराबाद स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर नीरज कुमार एवं कैंटीन ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रभात कुमार निरीक्षण हेतु ब्यावर आए उनके साथ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मानवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने यूआरसी कैंटीन एवं सैनिक विश्रामगृह का निरीक्षण किया तथा स्थानीय पूर्व सैनिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए निरीक्षण के दौरान पूर्व सैनिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशन कमांडर ने ब्यावर यूआरसी कैंटीन में एक ही माह में दो बार ग्रोसरी एवं दो बार लिकर उपलब्ध कराने, साथ ही पूर्व सैनिकों की जरूरत के अनुसार सामग्री की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने का पूर्ण आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त कैंटीन में कार्यरत अनुबंध कार्मिकों का मानदेय तत्काल बढ़ाने के आदेश भी दिए गए ब्रिगेडियर नीरज कुमार ने कहा कि पूर्व सैनिकों की हर समस्या को सुनना और उसका समाधान करना उनकी प्राथमिकता है तथा वे इसके लिए सदैव तत्पर रहेंगे इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के संरक्षक कमांडर डॉऊ सिंह भाटी, कैप्टन रामेश्वर प्रसाद, कैप्टन पंचम सिंह, पेटी ऑफिसर श्रवण सिंह भाटी, राधावल्लभ महेश्वरी, सुरजीत सिंह, मानसिंह, फतेह सिंह, नरेंद्र पाल पद्मावत, गोविंदराम, खुम सिंह भाटी, धन्ना सिंह, गुलाबचंद सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध स्थानीय पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान को ठेंगा दिखाते प्रधानाचार्य

## बिनोता माध्यमिक विद्यालय से जुड़ा है मामला



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा उपखंड क्षेत्र के बिनोता गाँव के सरकारी माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य और उनके सहयोगियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान को ठेंगा दिखाते हुए विद्यालय परिसर ने लगे पुराने हरे पेड़ो को कटवा दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाचार्य हीरालाल लोहार ने अपनी मनमर्जी से विद्यालय परिसर में लगें नीम,गुलमोहर सहित अन्य पेड़ों को कटवा दिया। इधर प्रधानाध्यापक हीरा लाल का कहना है कि एस एम सी से प्रस्ताव लिया जा चुका है।इस बार मे जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा से मामले की जानकारी ली तो उन्होंने मामले को दिखवाने की बात कही। मामले की जानकारी जब उपखंड अधिकारी विकास पंचोली से बात कही तो उन्होंने इसकी जानकारी लेते हुए बताया कि मामला को दिखवाता हूं , जानकारी यह भी है कि पेड़ काटे नही है , वस्तुतः उनकी छगाई की गई है। वही प्रधानाचार्य हीरालाल लुहार ने कहा की एसडीएमसी मे प्रस्ताव लेकर शिक्षा अधिकारी अरविन्द मुंदडा को सूचना दे दी गई उसके बाद ही पेड़ काटे। क्या एसडीएमसी मे प्रस्ताव लेने के बाद वर्षो पुराने हरे पेड़ो को काटा जा सकता है यह जांच का विषय है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पेड़ो का करीब पचास हज़ार मे बेचा गया ।

## कुमावत समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** मेवाड़ा कुमावत समाज का विराट आदर्श तुलसी विवाह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी अक्षय तृतीया, 20 अप्रैल (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज पेच तलाई स्थित विश्वकर्मा भवन में सम्मेलन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में समाज के पटेल, पंचगण एवं महिला पंचों की गरिमामयी उपस्थिति में पंडित रामेश्वर लाल भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं अनुष्ठान के साथ शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर एवं अनुरोध पत्रिका का विमोचन भी किया गया। सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष जगदीश राजोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय उद्घाटन के साथ ही आठ जोड़ों का पंजीयन भी किया गया। वहीं महिला मंडल द्वारा दुल्हनों को प्रदान किए जाने वाले मंगलसूत्र को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सम्मेलन का आयोजन भव्यता एवं धूमधाम के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में तीनों तड़ों के पटेल रतनलाल नगरिया, तखतमल बेरा, महेश टांक एवं प्रेमचंद मोरवार? सहित पुरणमल नगरिया,गिरधारीलाल अन्यावडा, दिनेश चंद्र हरवा, गोपाललाल नेरा, ओमप्रकाश रेनिवार, रमेशचंद्र पारमिया सहित समाज के सभी पंचगण उपस्थित रहे।

## विधायक अशोक कोठारी के प्रयासों से बजट पूर्व भीलवाड़ा को करोड़ों की सौगात

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** अशोक कोठारी के विशेष प्रयासों से बजट से पहले ही भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को 77.75 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, पेयजल, सिंचाई और शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की है, जिनमें अधिकांश कार्य डीएमएफटी फंड से कराए जाएंगे। सडक़ों के सुधार के लिए 10.50 करोड़, स्कूल भवनों के निर्माण व मरम्मत हेतु 7.20 करोड़, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के नए भवन के लिए 9 करोड़ तथा माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल कॉलेज के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में पुर कस्बे में 40 बैडेड मॉडल सीएचसी तथा शहरी व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण पर 11 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पेयजल व सिंचाई योजनाओं के लिए भी करोड़ों की मंजूरी मिली है। विधायक कोठारी ने कहा कि इन सभी कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारकर आमजन को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी।

### ज्ञान के आंगन में जल सेवा का पुण्य कार्य

# एस.डी. राजकीय महाविद्यालय में भव्य जल वाटिका का लोकार्पण, जिला कलेक्टर ने सराहा जैन समाज का परोपकारी योगदान

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर एस.डी. राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को भामाशाह श्वेतांबर स्थानकवासी प्राज्ञ जैन युवा मंडल के सहयोग से निर्मित भव्य जल वाटिका का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमलराम मीना, विशिष्ट अतिथि सीए मनीष मेहता, प्रकाश चंद्र सेठी एवं कमलेश सिंघवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने की कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे को पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। प्रोफेसर कामना सहाय द्वारा सरस्वती वंदना तथा प्रोफेसर एम.आर. देवड़ा द्वारा णमोकार मंत्र के उच्चारण के पश्चात जिला कलेक्टर एवं प्राज्ञ जैन युवा मंडल के पदाधिकारियों द्वारा जल वाटिका का लोकार्पण किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस अवसर पर गत वर्ष राष्ट्रीय मूल्यांकन के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों — कनक कॉलेज के दिलीप गोलिया, जिओ ब्यावर चैप्टर के पीयूष रांका, सीएमए ब्यावर चैप्टर के मनदीप सिंह हुड्डा, रोटरी क्लब ब्यावर एवं दिशांत हरचंदानी — को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमलराम मीना ने अपने उद्बोधन में जैन समाज द्वारा ब्यावर क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे परोपकारी कार्यों की सराहना करते हुए महाविद्यालय में जल वाटिका के निर्माण एवं संचालन हेतु प्राज्ञ जैन युवा मंडल के प्रयासों को अनुकरणीय बताया प्राज्ञ जैन युवा मंडल के अध्यक्ष मनीष मेहता ने जल वाटिका निर्माण को हजारों छात्र-छात्राओं के हित में युवा मंडल के उद्देश्यों एवं जैन धर्म की मूल भावना के अनुरूप बताया। प्रकाश चंद सेठी एवं कमलेश सिंघवी ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्य महाविद्यालय परिसर में करवाने का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने जल वाटिका के निर्माण के साथ-साथ उसके सतत संचालन का दायित्व लेने हेतु प्राज्ञ जैन युवा मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भामाशाहों के विकास कार्यों में जिलाधीश की सहभागिता शिक्षा जगत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जिले के विकास के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता और समाज की सहृदयता को दर्शाती है कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर हरीश गुजराती एवं डॉ. श्वेता स्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी उत्तम चंद भंडारी, रतन भंसाली तथा प्राज्ञ युवा मंडल के समस्त कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, महाविद्यालय के आचार्यगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### संवाद से सुलझा विवाद, प्रशासन से मिला न्याय

## मसूदा में ग्राम उत्थान शिविर बना भरोसे का मंच, 66 बीघा भूमि का शांतिपूर्ण बंटवारा, 50 खातेदारों को मिला अधिकार

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आयोजित ग्राम उत्थान शिविर, मसूदा में प्रशासनिक संवेदनशीलता, धैर्य और आपसी संवाद का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया, जहाँ वर्षों से लंबित 66 बीघा भूमि विवाद का शांतिपूर्ण समाधान किया गया। मसूदा द्वितीय के रेबारियों की ढाणी स्थित भूमि का 50 खातेदारों के मध्य आपसी सहमति से बंटवारा संपन्न कराया गया शिविर में विधायक मान वीरेंद्र सिंह कानावत, जिला प्रभारी सचिव हिमांशु गुप्ता, जिला कलेक्टर कमल राम मीना, अपर जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखण्ड अधिकारी दीपशिखा कालवी एवं तहसीलदार मसूदा रामकिशोर जांगिड़ उपस्थित रहे प्रकरण में कुछ खातेदारों के निधन के कारण विरासत नामांतरण से जुड़ी जटिलताएं उत्पन्न हो गई थीं। इस पर गिरदावर घनश्याम सेन एवं पटवारी अभिषेक चौधरी द्वारा विरासत नामांतरण खोलने हेतु आवेदन प्राप्त कर सभी खातेदारों को समझाइश दी गई। प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी पक्षों को आपसी सहमति से बंटवारे हेतु प्रेरित किया, जिससे वर्षों पुराना विवाद सुलझ सका अधिक संख्या में खातेदार होने के बावजूद प्रशासनिक टीम ने कुशल समन्वय, पारदर्शी प्रक्रिया और निरंतर संवाद के माध्यम से सहमति बनाकर कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शिविर में उपस्थित खातेदारों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने आमजन से अपील की कि ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से बड़े और जटिल प्रकरणों का भी सरल समाधान संभव हो रहा है, अतः नागरिक अधिक से अधिक संख्या में शिविरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित, न्यायसंगत एवं पारदर्शी समाधान हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

यह प्रकरण ग्राम उत्थान शिविरों की सार्थकता और प्रशासन की जनकल्याणकारी सोच का सशक्त उदाहरण है, जिससे आमजन का विश्वास शासन-प्रशासन में और मजबूत हुआ है।

### 12वीं की तीन परीक्षाओं का समय बदला, अब शाम की शिफ्ट में होंगी

## बोर्ड सचिव राठौड़ ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सैद्धांतिक परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षा से अधिक होने के कारण तीन विषयों की परीक्षाओं के समय में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को 140 विद्यालयों तथा 24 फरवरी को 450 से अधिक विद्यालयों में क्षमता से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत पाए गए। इस स्थिति को देखते हुए समय परिवर्तन का निर्णय लिया गया।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार कंप्यूटर विज्ञान (विषय कोड-03) एवं इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस (विषय कोड-04) की परीक्षा जो 17 फरवरी को प्रातः 08.30 से 11.45 बजे तक निर्धारित थी। अब उसी दिन अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार चित्रकला (विषय कोड-17) की परीक्षा जो 24 फरवरी को सुबह की शिफ्ट में होनी थी। अब उसी दिन शाम 2 बजे से 5.15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि माध्यमिक परीक्षा का कार्यक्रम यथावत रहेगा। उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। बोर्ड प्रशासन ने सभी संबंधित विद्यालयों, केंद्राधीक्षकों तथा विद्यार्थियों से अपील की है कि वे संशोधित समय के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर समय से उपस्थित हों तथा किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

## एमडीएसयू के फार्मेसी विभाग में 'सकारात्मक सोच की शक्ति' पर प्रेरणात्मक व्याख्यान आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहित जैन)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के फार्मेसी विभाग द्वारा 'सकारात्मक सोच की शक्ति'विषय पर एक प्रेरणात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं विभागीय स्टाफ को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच न केवल व्यक्तिगत जीवन को संतुलित बनाती है, बल्कि अध्ययन एवं करियर में सफलता की दिशा भी निर्धारित करती है। उन्होंने यह भी बताया कि कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर व्यक्ति न केवल चुनौतियों का सामना करता है, बल्कि उनसे सीख लेकर आगे बढ़ता है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारीस से डॉ. हिमांशु गोयल ने विद्यार्थियों को मानसिक दृढ़ता, आत्म-प्रेरणा तथा लक्ष्य प्राप्ति के प्रभावी उपायों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में सकारात्मक संकल्प बनाए रखने, व्यर्थ चिंतन से दूर रहने तथा स्वयं को साध कर निरंतर लक्ष्य की ओर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। फार्मेसी विभागा के प्रभारी प्रो. अरविंद पारीक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजू शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रोहिणी अग्रवाल ने किया । इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह व्याख्यान उनके लिए अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक रहा, जिससे उन्हें अपने जीवन और अध्ययन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिली।

## महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात, सनातन मंगल महोत्सव का दिया आमंत्रण

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/जयपुर,(अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने जयपुर पहुंचकर राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 19 से 26 फरवरी तक भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह का निमंत्रण दिया।

स्वामी हंसराम उदासीन ने महोत्सव के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन सनातन परंपराओं के संरक्षण और समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन का स्वागत अभिनन्दन किया गया।

महोत्सव के दौरान आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे सनातन धर्म की साधना परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में देश-विदेश से संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी नागरिकों शामिल होंगे। यह महोत्सव भक्ति, सेवा और संस्कारों का संगम होगा। इस दौरान आश्रम के ब्रह्मचारी कुनाल, लघु उद्योग भारती के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रवीन्द्र कुमार जाजू, वाल्मीकि समाज पदाधिकारी छीतर मल गैंगट उपस्थित रहे।

## वंडर सीमेंट से परेशान ग्रामीणजनों ने उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली को ज्ञापन सौपा

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा तहसील के फलवा गाँव के निवासियों द्वारा वंडर सीमेंट के द्वारा अवैध जल दोहन, वायु प्रदुषण, माइंस द्वारा भारी ब्लास्टिंग से परेशान होकर शिकायत पत्र उपखण्ड अधिकारी को सौपा जिसमे बताया गया की वंडर सीमेंट और उसकी माइंस द्वारा फैलाई जा रहे विनाशकारी प्रभावो से अवगत कराया।

आवासीय क्षति हैवी ब्लास्टिंग वंडर सीमेंट माइंस में क्षमता से अधिक तीव्रता वाली ब्लास्टिंग की जा रही है इससे उत्पन्न होने वाले भू कम्पन के कारण आसपास के गांव के मकानो मे गहरी दरारें आ गई है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है और ग्रामीणों के जीवन पर वह संपत्ति को खतरा पैदा हो रहा है वंडर सीमेंट की माइंस द्वारा डीजीएमएस के नियमों का फॉलो नहीं किया जाता इस कारण से कई ग्रामीणों के मकान में दरार आ चुकी है नए मकान भी टूट चुके हैं क्रैक आ गए हैं जिसका मुआवजा भी वंडर सीमेंट द्वारा ग्रामीणों को नहीं दिया गया

भारी जल संकट, अवैध जल दोहन वंडर सीमेंट द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से भारी मात्रा में भूजल का दोहन किया जा रहा है इसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र का जलस्तर ग्राउंड वाटर लेवल अत्यधिक नीचे गिर गया है जिससे हमारे कुवे और हेडपंप सूख चुके हैं भविष्य में यह क्षेत्र क्षेत्र पूर्णतः जल विहीन होने की कगार पर है ।कृषि और स्वास्थ्य पर प्रहार वायु प्रदूषण, वंडर सीमेंट प्लांट और क्रेशर से उडने वाली धूल व सूक्ष्म कणों की परत खेतों की फसलों पर जमा हो रही है जिससे फसले पूरी तरह बर्बाद हो रही है यही धूल ग्रामीणों के फेफड़ों में जाकर श्वसन संबंधी रोगों को और सिलिकोसिस जेसी बीमारियों का कारण बन रही है।

ग्रामीणों की मांग है कि वंडर सीमेंट द्वारा की जा रही हैवी ब्लास्टिंग को तत्काल प्रभाव से जांच कर कर उसे पर अंकुश लगाया जाए क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा दिलाया जाए अवैध जल दोहन बंद कर जल स्तर सुधारने हेतु ठोस कदम उठाया जाए प्लांट के क्रेशर और माइंस क्षेत्र में डस्ट कंट्रोल सिस्टम एयर क्वालिटी कंट्रोल को कड़ाई से लागू किया जाए यदि प्रशासन और कंपनी प्रबंधन द्वारा 7 दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो समस्त ग्रामवासी उग्र आंदोलन चक्का जाम करने के लिए विवश होंगे ।

## कोली समाज विकास ट्रस्ट ने महापौर राकेश पाठक का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** कोली समाज विकास ट्रस्ट, भीलवाड़ा के पदाधिकारियों ने सचिव मुरलीधर लोरवाडिया के नेतृत्व में नगर निगम के महापौर राकेश पाठक का सम्मान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने नगर निगम बोर्ड के माध्यम से पिछले पाँच वर्षों में शहर में कराए गए विकास कार्यों, निर्विवाद रूप से बोर्ड संचालन तथा शहर के सौंदर्यकरण को लेकर किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की।

समारोह में ट्रस्ट की ओर से महापौर राकेश पाठक को सिंगोली श्याम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पारंपरिक पचरंगी साफा पहनाकर उनके पाँच वर्षों के सफल कार्यकाल के लिए अभिनंदन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि महापौर के नेतृत्व में शहर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है और नागरिकों को बेहतर सेवाएँ मिली हैं।

इस सम्मान समारोह में ट्रस्ट के संरक्षक बालूलाल ब. छापरिया, संयुक्त सचिव राकेश कसोडिया, सोहनलाल तलाया, सत्यनारायण सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने महापौर के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी शहर के समग्र और संतुलित विकास की कामना की।

# अधिकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए उन्हें निर्धारित समय पर पूरा कराए- जवाहर सिंह बेढम

## गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शुक्रवार को डीग जिले के बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने खेड़ली रोड, डीग रोड और अलवर रोड पर निर्माणाधीन भव्य प्रवेश द्वारों का अवलोकन करते हुए कहा कि ये प्रवेश द्वार नगर की पहचान और सांस्कृतिक गरिमा के प्रतीक होंगे। यहां आने वाले पर्यटकों और आगंतुकों को एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर का अनुभव मिलना चाहिए, इसलिए निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रवेश द्वार का निर्माण लगभग 28.91 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है, जिससे प्रमुख मार्गों का स्वरूप आकर्षक और भव्य बनेगा। इसके बाद गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने 2.27 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे नवीन तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन का निर्माण पूरी तरह जन-सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन तहसील भवन बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को राजस्व और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी।

गृह राज्य मंत्री बेढम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि सरकार की जीरो कॉम्प्रोमाइज नीति के तहत विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण सामग्री से लेकर तकनीकी मानकों तक हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों और संवेदकों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये बुनियादी ढांचागत विकास कार्य क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेंगे।



# राज्य कर्मचारी सरकार से 11 सूत्री मांगों एवं 7 संकल्पों को पूरा कराने को लेकर कल करेंगे संकल्प सिद्धि एवं सदबुद्धि यज्ञ

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से 11 सूत्री मांगों के निस्तारण एवं 7 संकल्पों पर कार्यवाही को लेकर रविवार को सभी जिला मुख्यालयों पर संकल्प सिद्धि एवं सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित किए जाएँगे । महासंघ के ज़िलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि 12 जनवरी की राजधानी में सफल एवं ऐतिहासिक चेतावनी महारैली के आयोजन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस प्रदेश के सभी 41 जिलों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ आयोजित हुई वर्चुअल बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सरकार के प्रस्तुत बजट से पूर्व आन्दोलन के आगामी चरण में रविवार, 8 फरवरी को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महासंघ आन्दोलन के 7 मुख्य संकल्प सरकार के समक्ष विचाराधीन हैं ।यज्ञ में प्रत्येक संकल्प की सामुहिक उच्चारण करते हुए आहुति दी जाएगी? ।जिला मंत्री रविन्द्र सिंह त्यागी ने बताया कि धौलपुर में स्थानीय पंचायत समिति मंदिर पर प्रातः 11 बजे महासंघ एवं संबद्ध संगठनों के पदाधिकारी सदबुद्धि यज्ञ में शामिल होकर बजट में राज्य कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की लंबित मांगों के निराकरण की कामना करेंगे ।जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि महासंघ की ओर से सभी विभागों में पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने, विभिन्न कर्मचारी संवर्गों की लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित प्रत्येक कार्मिक को सेवा काल में पदोन्नति के समान अवसर मिले इसके लिए पदोन्नति पदों की विसंगति दूर करते हुए 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करने,पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करने, संविदा एवं मानदेय कार्मिकों को स्थाई करने एवं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लंबे समय से बंद स्थानांतरण शुरू करने के साथ विभिन्न विभागों, निगम, बोर्ड को समाप्त कर किया जा रहे निजीकरण को बंद करवाने तथा कर्मचारियों के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे सात संकल्पों के साथ 11 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन सरकार की ओर से लगातार कर्मचारी मांगों की अनदेखी व संवादहीनता बरती जा रही है ।

# परशुराम बस्ती में रविवार को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

## कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर आयोजित हुई बैठक, घर-घर दिया जा रहा निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार को शहर की परशुराम धर्मशाला में रविवार को आयोजित होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन को सफल एवं शोभायमान बनाने को लेकर आयोजन समिति के प्रमुख दायित्ववान पदाधिकारियों की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ शक्ति, दुर्गा शक्ति के द्वारा मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर से आरम्भ होने वाली विशाल कलश शोभायात्रा,बाइक रैली से लेकर मंच सज्जा,धर्म सभा,सांस्कृतिक कार्यक्रम,कवि मंचन,भजन मंडली इत्यादि कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा की गई।

बैठक में तय हुआ कि 08 फरवरी से पूर्व 6 व 7 फरवरी को आयोजन समिति रात्रि कालीन नियमित बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा करेगी। आयोजन समिति सचिव अंजनी पाराशर ने नगर में निवास कर रहे समस्त सनातन धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि वह इस राष्ट्र हितार्थ कार्य को अपना निजी कार्य समझते हुए 08 फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर पर पहुंचे। मां राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर से बुलेट बाइक रैली एवं विशाल कलश शोभायात्रा दोपहर 12 बजे से आरम्भ होकर महाराज बाग चौराहा होते हुए पुनः श्री परशुराम धर्मशाला पर संपन्न होगी।

कलश यात्रा उपरांत परशुराम धर्मशाला पर अवधूत संत पागल बाबा,दिगंबर राजू गिरी महाराज, बनवारी दास महाराज एवं मुख्य वक्ता संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मेघश्याम के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक, कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति संरक्षक सुरेंद्र सिंह परमार,अध्यक्ष शिवकुमार खैमरिया, संयुक्त सचिव मयूर जैमिनी,कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, विहिप के जिला सुरक्षा प्रमुख भूरा सिंह गुर्जर,जिला मातृशक्ति संयोजिका संध्या शर्मा,जिला दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनुपमा अग्रवाल,उपाध्यक्ष संतोष बाल्मिकी के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भरतपुर-डीग से एसीबी ने पकड़े 2 रिश्वतखोर जेइएन : सिक्योरिटी डिपॉजिट वापस करने के एवज में मांगी घूस; 23 हजार रुपए बरामद

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर एसीबी ने शिक्षा विभाग में तैनात दो जेइएन को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों ने एक ठेकेदार से सिक्योरिटी डिपोजिट का पैसा वापस करने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। एसीबी ने एक जेईएन को डीग जिले के कुम्हेर से पकड़ा, जबकि दूसरे को भरतपुर से गिरफ्तार किया है। कुम्हेर में तैनात छ्वश्वहृ राकेश कुमार से 23 हजार 400 की राशि बरामद कर ली गई है।

**स्कूल निर्माण कार्य के लिए दिया था डिपोजिट**-एसीबी के एडिशनल एसपी अमित सिंह ने बताया- ठेकेदार ने 3 दिन पहले दफ्तर में आकर शिकायत दी थी। शिकायत में बताया था कि राज्य सरकार की योजना समसा के तहत एक स्कूल का निर्माण कार्य किया था। निर्माण कार्य से पहले ठेकेदार ने सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा करवाया था। डिपॉजिट को रिफंड करने के एवज में दोनों जेइएन रिश्वत की डिमांड कर रहे थे। शिकायत मिलने के बाद मुख्यालय के निर्देश पर 2 दिन पहले सत्यापन करवाया गया।

**डीग-भरतपुर से दोनों जेइएन गिरफ्तार**-डीग जिले कुम्हेर ब्लॉक में तैनात राकेश कुमार और जेइएन धीरेंद्र श्रीवास्तव से सत्यापन करवाया गया। सत्यापन में साफ हुआ कि डिपॉजिट वापस करने के एवज में दोनों ने 7.1 प्रतिशत राशि की मांग की थी। शुक्रवार को एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। जेईएन राकेश कुमार से रिश्वत के 23 हजार 400 रुपए जब्त कर लिए गए।



**दोनों से पूछताछ जारी**-दूसरे जेइएन धीरेंद्र श्रीवास्तव को चिकसाना (भरतपुर) से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को पकड़कर कार्यालय में लाया गया है। फिलहाल कार्रवाई जारी है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# पड़ोसी से परेशान होकर घर छोड़ना चाहता है परिवार

## बोले- गंदी हरकतें और कमेंट करता है, बेटे को भी धमकी दी

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर का रहने वाला एक परिवार पलायन करने को मजबूर है। परिवार का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक लगातार महिला को परेशान कर रहा है। इतना ही नहीं जब बेटे ने इसका विरोध किया तो उसे भी जान से मारने की धमकी दी।

युवक ने बताया कि हमारा पड़ोसी मेरे परिवार को कई दिनों से परेशान करता आ रहा है। जब भी मेरी मां घर का कुछ सामान लेने जाती हैं तो, वह उन्हें देखकर भद्दे कमेंट करता है। जब मैं उसका विरोध करता हूं तो, वह मुझे मारने पीटने की धमकियां देता है।

अब हम इतने मजबूर हो गए हैं कि हमें वहां से पलायन करना पड़ेगा। करीब 1 महीने पहले उसकी शिकायत पुलिस में की थी। पुलिस ने उसे शांति भंग में गिरफ्तार किया। इसके बाद वह ज्यादा परेशान करने लगा।

**बजरंग दल की दखलंदाजी के बाद एफआईआर दर्ज**-युवक ने बताया कि मैं अपने पड़ोसी से परेशान होकर बजरंग दल के पास गया। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में दखलंदाजी कि तो गुरुवार को पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस उसे पकड़ने पहुंची तो वह फरार हो गया।

**धर्म विशेष के लोग कर रहे थे परेशान**-वहीं बजरंग दल के शुभम निवासी सैंथरा ने बताया कि कुछ धर्म विशेष के लोग युवक के परिवार को परेशान कर रहे थे। पुलिस ने कल स्नढ्ढक्र दर्ज कई और नियमानुसार कार्रवाई की गई।

**पुलिस जांच में जुटी**-सीओ पंकज यादव का कहना है कि युवक की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू,शहर में पांच और ग्रामीण क्षेत्र में बनाये आठ सेंटर

## पांच हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा, बोर्ड से आये परीक्षा के प्रश्न पत्रों को रखवाया गया कोतवाली और कंचनपुर थाने में

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वी और 12वी की परीक्षाओं को लेकर अब तैयारी शुरू हो गई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर से आये प्रश्न पत्रों को शहर के कोतवाली थाने में सुरक्षा के बीच रखवाया गया है। यह प्रश्न पत्र सीलबंद अलमारियों में रखे गए है जिनका वितरण परीक्षा के दिन एक घंटे पूर्व किया जायेगा। परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी से से होगा जो करीब एक महीने तक चलेंगी।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर पेपर वितरण समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि शहर में पांच सेंटर और सुनीपुर,टोटरी एवं सिंगोरई ग्रामीण क्षेत्र के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कुल आठ परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन होगा। जिनके प्रश्न पत्रों को कोतवाली थाने में रखवाया गया है। 12वीं की बोर्ड की परीक्षा 12 फरवरी से शुरू होगी जो 11 मार्च तक चलेंगी। वहीं 10वी बोर्ड की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी को सम्पन्न होगी। पहली बार 10वी बोर्ड का रिजल्ट मार्च महीने में जारी होगा और 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ होगा। इस कवायद को लेकर पहली बार फरवरी महीने में परीक्षाएं शुरू हो रही है और 10वी एवं 12वीकी एक साथ परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

### इन सेंटरों पर होगी परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा को लेकर शहर में सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला,सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल के साथ निजी क्षेत्र के अग्रसेन विद्यापीठ,आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के साथ किड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को केंद्र बनाया गया है ।वही ग्रामीण क्षेत्र में सिंगोरई,टोटरी और सुनीपुर के गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 10वी बोर्ड की परीक्षा में 8 सेंटरों पर 2696 विद्यार्थी परीक्षा देंगे,वही 12वी बोर्ड की परीक्षा में 8 सेंटरों पर 1949 विद्यार्थी परीक्षा के लिए नामित किए हैं। कुल मिलाकर आठ सेंटरों पर 4645 विद्यार्थी 10वीऔर 12वी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वही कंचनपुर थाने पर 5 सेंटरों के परीक्षा पत्रों को रखवाया गया है। जिसमें सीनियर सेकेंडरी स्कूल महुआखेड़ा, कंचनपुर,कुर्रेन्धा और अब्दुलपुर के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी एवं बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रश्न पत्र रखे गए हैं।



# ठंड में बढ़ता चिल ब्लेन का खतरा, उंगलियों में होता इंफ्लेमेशन - डॉ. राकेश सोलंकी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** मौसम बदलते ही शरीर को नए हालात में खुद को ढालना पड़ता है। तापमान में उतार-चढ़ाव शरीर पर असर डाल सकता है। कई बार यह बदलाव अंदरूनी संतुलन बिगाड़ देता है। इसका नतीजा अलग-अलग शारीरिक परेशानियों के रूप में सामने आता है। इन्हीं परेशानियों में से एक उंगलियों में इंफ्लेमेशन होना है। ये तकलीफ रोज के कामों को भी मुश्किल बना देती है। अचानक फूली हुई उंगलियां दर्द, जलन और असहजता पैदा कर सकती हैं, जिससे मन में सवाल उठता है कि आखिर ये क्यों हो रहा है। दरअसल, ठंड में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं और ब्लड फ्लो कम हो जाता है, जिसके चलते उंगलियों में इंफ्लेमेशन हो जाता है। मेडिसिन की भाषा में इस कंडीशन को चिल ब्लेन कहते हैं। उक्त जानकारी सारस चैराहा स्थित दी सोलंकी हॉस्पीटल के निदेशक डॉ. राकेश सोलंकी एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने इस पत्रकार को दी।

### सवाल- चिल ब्लेन क्या होता है?

**जवाब**- डा0 राकेश सोलंकी ने बताया कि चिल ब्लेन को पर्नियोसिस या पर्नियो भी कहा जाता है। दरअसल, जब स्किन लंबे समय तक ठंडी, नम हवा में रहती है, तो सतह के पास की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ जाती हैं, जिससे ऑक्सीजन का फ्लो कम हो जाता है और इंफ्लेमेशन शुरू हो जाता है। बाद में जब स्किन अचानक गर्म होती है, तो ब्लड वेसेल्स तेजी से फैलती हैं। यह बदलाव कई बार इतना तेज होता है कि अतिरिक्त खून आसपास के टिशूज में रिसने लगता है, जिससे खुजली, लालिमा और इंफ्लेमेशन बढ़ जाता है।

### सवाल- चिल ब्लेन से बचने के लिए कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए?

**जवाब**- डा0 राकेश सोलंकी ने बताया कि चिल ब्लेन से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि शुरुआत में ही इसे होने से रोक दिया जाए। इसके लिए ठंड में कुछ सरल लेकिन बहुत प्रभावी सावधानियां अपनानी जरूरी हैं।

### सवाल- चिल ब्लेन का घरेलू इलाज क्या है?

**जवाब**- डा0 राकेश सोलंकी ने बताया कि कुछ घरेलू उपाय चिल ब्लेन से काफी राहत दे सकते हैं। इसके लिए प्रभावित हिस्से को गर्म रखें। गर्म दस्ताने और मोजे पहनें। साथ ही परतों वाले कपड़े पहनें। ब्लैंकेट या लो सेटिंग हीटिंग पैड से हल्की गर्माहट दें।

प्रभावित हिस्से को डायरेक्ट हीट (बहुत गर्म पानी या हाई हीटिंग पैड) देने से बचें।

हल्की मालिश भी मददगार होती है, क्योंकि इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और असहजता कम होती है। लेकिन ध्यान रहे, अगर त्वचा फटी हो, फफोले हों या छूने पर ज्यादा दर्द हो रहा हो, तो मालिश न करें, वरना संक्रमण या और चोट लग सकती है। नियमित रूप से मॉइस्चराइजर लगाने से खुजली, सूखापन और स्किन क्रैकिंग कम होती है। बेहतर है कि हल्के, खुशबू-रहित मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा में जलन न हो। इससे खुजली, ड्राईनेस और क्रैकिंग कम होती है।



# भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का बाड़ी में स्वागत

## ग्लोबल इण्डिया फाउंडेशन और छात्रसंघ कार्यालय पर किया युवाओ से संवाद, राज सरकार के आगामी बजट को लेकर भी चर्चा,तलवार भेंट कर 111 फीट की पहनाई पगड़ी,

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा के शुक्रवार को बाड़ी आगमन पर दो जगह स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। धौलपुर से बाड़ी पहुंचे शंकर गोरा का सबसे पहले ग्लोबल यूथ फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं बीबीजीरामजी के सह संयोजक देव पाराशर देव के महाराज बाग स्थित कार्यालय पर स्वागत समारोह हुआ। इस दौरान मंच से बोलते हुए गोरा ने कहा की युवा मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में युवा संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें युवाओं से संवाद के साथ राजस्थान के आगामी बजट को लेकर भी युवाओं से उनकी राय ली जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं के लिए जो एक लाख नौकरियां का कैलेंडर जारी किया है। उसकी जानकारी भी युवाओं तक पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा से जुड़ी महिलाओं ने युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से शिकायत की उनको कई महीनों से मनरेगा का भुगतान नहीं मिला है।

# प्रधानमंत्री हूं, फिर भी लोग मुझे अलग-अलग तरीके से काम करने के लिए कहते हैं : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पढ़ाई के लिए एक बेशकीमती मंत्र दिया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने पैटर्न के हिसाब से पढ़ाई करें। सबकी सलाह सुनें, लेकिन अपना तरीका तभी बदलें जब आप चाहें।

**गुजरात की एक छात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया**–'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में पहले अध्याय 'आपकी शैली, आपकी गति' पर चर्चा के दौरान गुजरात की एक छात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया। छात्रा ने पूछा कि परीक्षा के समय परिवार और शिक्षक सभी चिंता करते हैं। लेकिन समस्या तब आती है जब शिक्षक पढ़ाई का अलग पैटर्न समझाते हैं और अभिभावक अलग तरीके से पढ़ने के लिए कहते हैं, जबकि छात्रों का खुद का एक अलग पैटर्न होता है। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि यह पैटर्न जीवनभर चलता है। पीएम मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री बन गया हूं। फिर भी लोग मुझे अलग-अलग तरीकों से काम करने को कहते हैं। लेकिन सबका अपना-अपना तरीका होता है।

**पीएम मोदी ने बच्चों को उन्हीं के अंदाज में जवाब दिया**–बच्चों को उन्हीं के अंदाज में जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जब परिवार के लोग एक साथ खाना खाने बैठते हैं तो सभी का खाने का पैटर्न अलग होता है। वह सब्जी के साथ खाने की शुरुआत करेगा, कोई दाल से करेगा और कोई दाल-सब्जी सब मिलाकर खाएगा। वहां जब वे अपने पैटर्न के हिसाब से खाते हैं तो उन्हें मजा आता है। छात्रों को पढ़ाई का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा, कुछ लोग सुबह बेहतर पढ़ाई करते हैं, कुछ रात में। आपकी अपनी जो पैटर्न है, उसी पर भरोसा करें। लेकिन सलाह भी लें और अगर उससे आपको फायदा होता है, तो ही उसे अपनी जिंदगी के तरीके में शामिल करें। इसको भी किसी के कहने पर नहीं, बल्कि अपने अनुभव से जोड़ो।



**पीएम मोदी ने कहा-हमें सभी का पैटर्न सुनना है**–उन्होंने एक और उदाहरण 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के बारे में दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जब यह कार्यक्रम शुरू हुआ तो इसका एक अलग पैटर्न था। धीरे-धीरे इसमें कई बदलाव किए गए हैं और इसी तरह अबकी बार अलग-अलग राज्यों में छात्रों से संवाद किया। मैंने भी कुछ चीजें बदलीं, लेकिन अपना मूल तरीका नहीं छोड़ा। जवाब सुनने के बाद छात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेचर बहुत अच्छा था। वे हम सब बच्चों के साथ एकदम घुल मिल गए थे। उन्होंने समझाया कि हमें अपने ही पैटर्न में फोकस करना है, लेकिन हमें सभी का पैटर्न सुनना है और सभी में से कुछ-कुछ गुण लेने हैं।

# 'परीक्षा पे चर्चा' अब राष्ट्रीय आंदोलन, स्कूली परीक्षा परिपक्व होने का एक पड़ाव है : सीएम धामी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेशविला रोड स्थित सेंट एंग्नेस स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण से जुड़ा है। यह आयोजन अब केवल संवाद नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। पीएम मोदी का संदेश हमें यह सिखाता है कि परीक्षा जीवन की एक कड़ी हो सकती है, लेकिन संपूर्ण जीवन नहीं।

**स्कूल का समय अमूल्य होता है**–सीएम धामी ने अपने स्कूली जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि स्कूल का समय अमूल्य होता है, जो दोबारा लौटकर नहीं आता। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी निरंतर प्रतिभाग करना चाहिए। परीक्षा एक अवसर है, जिसमें छात्र एक योद्धा की तरह पूरे आत्मविश्वास, धैर्य और शांति के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना ही काबिलियत नहीं, जीवन में और भी अनेक लक्ष्य होते हैं।

**पीएम मोदी ने अभिभावकों से आग्रह किया**–मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ने तथा परीक्षा के दबाव से मुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनकी तुलना दूसरों से न करें।

# राजस्थान में हाईवे किनारे बने अवैध होटल-बिल्डिगों पर चलेगा बुलडोजर

## 75 मीटर का एरिया होगा खाली, विभाग ने कलेक्टर्स को जारी किए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में नेशनल हाईवे किनारे बने अवैध निर्माणों पर सरकार का बुलडोजर एक्शन जल्द देखने को मिल सकता है। हाईकोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद राष्ट्रीय राजमार्गों के मीडियन(बीचो-बीच) से दोनों तरफ 75 मीटर की सीमा में बने अवैध होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और अन्य गतिविधियों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के तहत हाईवे सीमा में आने वाले अवैध स्ट्रक्चरों पर नोटिस जारी कर उन्हें हटाया जाएगा। राजस्थान हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पिछले महीने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। इसमें हाईवे सीमा में आने वाले अवैध निर्माणों को चिह्नित करने और उन पर तत्काल नोटिस देकर हटाने की कार्रवाई करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने यह आदेश हिम्मत सिंह गहलोत बनाम राजस्थान सरकार मामले की सुनवाई के दौरान दिए हैं।

## जनता ने नकारा तो कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे

# सुप्रीम कोर्ट की प्रशांत किशोर को फटकार, पूछा- आपकी पार्टी को कितने वोट मिले

बढ़ता राजस्थान

**पटना।** प्रशांत किशोर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने 2025 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की और मांग को खारिज कर दिया है। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसकी मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मानने से मना कर दिया है। कोर्ट ने जनसुराज पार्टी को पहले हाईकोर्ट जाने को कहा है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जनता ने आपको नकार दिया तो कोर्ट का इस्तेमाल लोकप्रियता हासिल करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद जनसुराज पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब पार्टी चुनाव में अपना सब कुछ हार गई तब वो यहां आ गई। आपको सद्भावना के बारे में भी बताना होगा। उन्ईएमआईहोंने कहा कि फ्रीबीज (मुफ्त योजनाओं) के मुद्दे की हम जांच कर रहे हैं। लेकिन यहां ऐसा मामला है, जहां एक पॉलिटिक्ल पार्टी, जो चुनाव में सब कुछ हार गई, हमारे सामने आ गई है। हम राजनीतिक दलों के कहने पर फ्रीबीज के मुद्दे की जांच नहीं करना चाहते हैं। सीजेआई ने साफ कहा कि कोई चाहे तो योजना को चुनौती दे सकता है, लेकिन यहां मुख्य मांग चुनाव को रद्द करने की है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को गर्भपात की परमिशन दी

## कहा- महिला को प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 17 साल की एक नाबालिग लड़की की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकल टर्मिनेट करने की परमिशन दी। कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, खासकर नाबालिग को, उसकी इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया। कोर्ट के सामने मामला एक नाबालिग लड़की का था, जो पड़ोस के एक लड़के के साथ रिश्ते के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थी और उसने मांग की है कि उसकी प्रेग्नेंसी खत्म कर दी जाए।

कोर्ट ने मुंबई के जेजे हॉस्पिटल को निर्देश दिया कि वे सावधानियों को ध्यान में रखते हुए लड़की का मेडिकल गर्भपात करें। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि गर्भावस्था को पूरा समय दिया जाए तो मां और बच्चे की जान को कोई तुरंत कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद कोर्ट ने कहा कि मां की इच्छा और उसका अपने शरीर पर अधिकार सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर कोई महिला, खासकर नाबालिग प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती तो कोर्ट उसे मजबूर नहीं कर सकता। कोर्ट ने पूछा- 30 हफ्ते में गर्भपात की अनुमति क्यों नहीं – कोर्ट ने सवाल उठाया कि जब 24 हफ्ते तक गर्भपात की अनुमति हो सकती है, तो फिर 30 हफ्ते में क्यों नहीं।

कई बार किसी महिला को यह फैसला लेने में समय लग जाता है कि वह प्रेग्नेंसी खत्म करना चाहती है या नहीं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि अदालतें ऐसे मामलों में मेडिकल टर्मिनेशन की अनुमति नहीं देतीं तो महिलाएं गैर-कानूनी और असुरक्षित तरीकों का सहारा लेने को मजबूर होंगी। झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाएंगी जो बहुत खतरनाक हो सकता है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि बच्चे के जन्म के बाद उसे अनाथालय में रखा जा सकता है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह विकल्प नाबालिग की इच्छा पर हावी नहीं हो सकता।

## पाकिस्तान- शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट

# आत्मघाती हमले में 31 की मौत, 169 घायल

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इससे पहले पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में 69 मौतों की जानकारी आई थी।

पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है।

इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



## राष्ट्रपति बोले- ये हमला इंसानियत के खिलाफ

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए।

## मंत्री ने कहा- ऐसी घटनाएं देश का हौसला नहीं तोड़ सकती

पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

**तीन महीने पहले आत्मघाती धमाके में 12 लोग मारे गए थे**–इससे पहले भी 11 नवंबर 2025 को इस्लामाबाद के जी-11 इलाके में जिला और सत्र न्यायालय के बाहर आत्मघाती धमाका हुआ था। उस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

**ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर**–ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। 2025 में टीटीपी के हमलों में 90% की वृद्धि हुई है। वहीं बलूच आर्मी के हमलों में 60% बढ़ोतरी हुई। इस्लामिक स्टेट- खुरासान ने अब पाकिस्तानी शहरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

# राजस्थान में दिन का पारा 30 डिग्री पहुंचा

## तेज धूप से तापमान चढ़ा; अगले 2 सप्ताह मौसम साफ रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। दिन में तेज धूप खिल रही है। सुबह और शाम को तेज सर्दी का एहसास हो रहा है। इस बदलाव के कारण वायरल इंफेक्शन जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अगले दो सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में राज्य के सभी शहरों में मौसम साफ रहा और आसमान साफ रहने से तेज धूप रही। हनुमानगढ़, गंगानगर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, भीलवाड़ा सहित कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री तक बढ़ गया है।

## पश्चिमी राजस्थान में दिन में हल्की गर्मी

पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर, जालौर, जैसलमेर के क्षेत्रों में गुरुवार को सूरज की तपिश तेज रही। यहां लोगों को गर्म कपड़ों में दिन में हल्की गर्मी महसूस हुई। बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में 28.4, जालौर में 28.3, जैसलमेर में 27.6, नागौर में 26.2, जवाई बांध (पाली) में 27.6 और चित्तौड़गढ़ में 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले राज्य के अधिकांश शहरों में सुबह-शाम तेज सर्दी रही। सीकर, लूणकरणसर, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस फतेहपुर में दर्ज हुआ। कोटा, पिलानी, अलवर, टोंक, चूरू, बारां, सिरोही, करौली, झुंझुनूं, पाली में भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- प्रदेश में अगले 2 सप्ताह मौसम साफ रहेगा।

## मुख्यमंत्री का डीडवाना-कुचामन दौरा, जैन धर्म जीवन जीने की एक पूर्ण कला

# राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना लक्ष्य : शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जैन धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण कला है। इस धर्म के पंच महाव्रत आज के भौतिकवादी युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने सदियों पहले थे। उन्होंने कहा कि संत, मुनि, महंत समाज को दिशा देने का काम करते है तथा हमारी समृद्ध संस्कृति को दुनियाभर में पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। श्री शर्मा शुक्रवार को लाडनूं के जैन विश्व भारती परिसर में आयोजित सुधर्मा सभा प्रवचन हॉल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी का पधारना राजस्थान के लिए अत्यंत सम्मान और गौरव का विषय है। जैन विश्व भारती द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सुधर्मा सभा का लोकार्पण भी हो रहा है। यह आने वाले समय में मानवीय मूल्यों और धार्मिक शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनेगा।

**जैन धर्म द्वारा अहिंसा के संदेश ने मानवता को दिखाई दिशा**–मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा का संदेश देकर प्रकाश स्तंभ की तरह मानवता को दिशा दिखा रहा है। जैन दर्शन ने 'जियो और जीने दो' का जो मूलमंत्र दिया है, वह आज पर्यावरण संरक्षण का सबसे बड़ा आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस धर्म की यह विशेषता रही है कि इसने हमेशा प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलने की शिक्षा दी है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन से चिंतित है, तब जैन धर्म के सिद्धांत हमें यह बताते हैं कि संयम और सादगी के बिना मानवता का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता।



## पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत

श्री शर्मा ने कहा कि पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी मानवीय मूल्यों के जीवंत प्रतीक हैं। इनकी साधना, ज्ञान और त्याग लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण और धर्म प्रचार के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने जैन धर्म की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक समय के साथ जोड़कर एक नई दिशा दी है। उनका यह योगदान केवल जैन समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए वरदान है। उनकी शिक्षाओं में जो सरलता और व्यावहारिकता है, वह हर वर्ग के लोगों तक पहुँचती है।

## जैन विश्व भारती ने विभिन्न क्षेत्रों में दिया अविस्मरणीय योगदान-

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन विश्व भारती ने पिछले कई दशकों में धर्म, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया है। आचार्य तुलसी के बाद आचार्य महाप्रज्ञ ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने जैन दर्शन का प्रचार-प्रसार के साथ ही आधुनिक शिक्षा को मानवीय मूल्यों के साथ जोड़कर एक नई दिशा दी है। यहाँ संचालित शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाई जाती है। विश्व भारती ने अहिंसा और शांति के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने का काम किया है। यह संस्थान विदेशों में भी भारतीय संस्कृति और जैन दर्शन का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

इस दौरान श्री शर्मा ने आचार्यश्री महाश्रमणजी से आशीर्वचन प्राप्त किए। श्री शर्मा ने जैन विश्व भारती में नवनिर्मित सुधर्मा सभा प्रवचन हॉल का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर साध्वी प्रमुखा श्रीजी विश्रुत विभा, मुनि श्री महावीर कुमार, साध्वी वर्या श्री सम्बुद्ध यशा जी, राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक श्री गुलाब कोठारी, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष श्री अमरचंद लुंकड़ सहित जैन मुनि-साध्वी, जैन विश्व भारती के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।